जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 308 प्रभात जालोर, गुरुवार 13 फरवरी, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## 'केन्द्रीय सरकार ने रक्षा मंत्रालय के कायदे-कानून में तब्दीली की, अडानी ग्रुप सोलर प्लांट के लिये'

### सीमा से 10 किलोमीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार के ''सिविल कंस्ट्रक्शन'' की इजाज़त नहीं होती है, बॉर्डर पर टैंक आदि मशीनों को ''फ्री मूवमैंट'' की सुविधा देने के लिये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विवादास्पद अडानी समूह के निकट सम्बंधों का एक और खुलासा हुआ है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने गौतम अडानी के विश्व के सबसे बड़े नवीकरणीय एनर्जी पार्क को मंजूरी देने के लिए रक्षा प्रोटोकॉल में ढील दी है। यह पार्क गुजरात के खावदा में बन रहा है जहां कच्छ के रन में भारत-पाक सीमा के एक किलोमीटर दायरे में सोलर पैनल और विंड टरबाइन लगाए जाएंगे।

प्रोटोकॉल में छेड़छाड़ से अन्य देश जैसे चीन, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान व म्यामांर के लिए भी सीमा पर ऐसे निर्माण करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

रक्षा विशेषज्ञों का सवाल है कि ''क्या एक बिज़नैस ग्रुप का हित राष्ट्रीय सुरक्षा से भी बड़ा है?'' वे कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में देश की सुरक्षा के साथ इतना बड़ा समझौता पहली बार किया गया है।

नीति में परिवर्तन से यह सवाल उठ रहे हैं कि अगर पाकिस्तान से कोई हमला होता है, जैसा पहले हो चुका है, तो भारत इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कैसे संचालित करेगा।

- पर, जब अडानी ग्रुप को खावड़ा (गुजरात) में 445 वर्ग किलोमीटर भूमि, सोलर व विंड एनर्जी प्लांट लगाने के लिये दी गई तो रक्षा मंत्रालय के कानून-कायदों में परिवर्तन करके, सीमा से एक किलोमीटर दूर ही ''सिविल कन्स्ट्रक्शन'' की इजाज़त दे दी गई।
- यह खबर प्रमुखता से लंदन के जाने-माने अखबार ''द गार्डियन'' में छपी है तथा अखबार ने दावा किया है कि उसके पास पूरे कागज़ात व दस्तावेज मौजूद हैं, अपनी खबर की सत्यता प्रमाणित करने के लिये।
- अखबार ने यह भी दावा किया है कि पहले खावड़ा में 230 वर्ग किलोमीटर भूमि, राज्य सरकार की कंपनी सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन को सोलर एनर्जी प्लांट लगाने के लिये ''लीज़'' पर दी गई थी। पर, मई 2023 में सरकारी कॉर्पोरेशन को आदेश देकर यह भूमि वापस ली गई तथा जुलाई 2023 को यह भूमि अडानी ग्रुप को दी गई।
- अडानी ग्रुप ने इस प्लांट में पैदा सोलर एनर्जी को राज्य सरकारों को बहुत भारी दामों पर बेचने के लिये अनुबंध किये तथा अमेरिकी सरकार द्वारा अडानी ग्रुप पर भारी रिश्वत देने का अभियोग पत्र दाखिल किया, सोलर एनर्जी को भारी दामों पर राज्य सरकारों को बेचने के लिये।

कच्छ का 445 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र गुजरात सरकार ने अडानी की कम्पनी को लीज़ पर दिया है।

गार्जियन का दावा है कि उसके पास ऐसे दस्तावेज हैं जिनसे रक्षा मंत्रालय द्वारा सिक्युरिटी प्रोटोकॉल के संशोधन का पता चलता है ताकि अडानी के प्रोजैक्ट को मदद दी जा सके। अडानी की प्रधानमंत्री मोदी से निकटता को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी अक्सर निशाना साधते हैं।

पाकिस्तान सीमा पर 10 किलोमीटर दायरे में, जो गांव और सड़के हैं, उनके अलावा कोई अन्य निर्माण करने की अनुमति नहीं है। गुजरात से लेकर जम्मू-कश्मीर के बीच भारत और पाकिस्तान के 3,323 किलोमीटर लम्बा बॉर्डर साझा करते हैं।

गार्जियन के अनुसार दस्तावेज दिखाते हैं कि सुरक्षा प्रोटोकॉल में ढील देने के लिए भाजपा ने उच्चतम स्तर पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत कांग्रेस में लौटे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी चार साल तृणमूल कांग्रेस में रहने के बाद बुधवार को कांग्रेस में पुनः शामिल हो गए।

पूर्व लोकसभा सदस्य को पार्टी के राज्य मुख्यालय में कांग्रेस सदस्यता दी गई। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर वहाँ मौजूद थे।

- कांग्रेस की सदस्यता लेते हुए अभिजीत ने कहा चार साल पहले कांग्रेस छोड़कर गलती की थी।

सन् 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले पर खेद व्यक्त करते हुए मुखर्जी ने कहा, ''मैं इसके लिए माफी चाहता हूँ, कांग्रेस छोड़ना सही नहीं था। यह कांग्रेस और राजनीति में मेरा दूसरा जन्मदिन है।''

यह दावा करते हुए कि देश की राजनीति में कांग्रेस का कोई विकल्प नहीं है, उन्होंने कहा, ''केवल कांग्रेस ही सभी लोगों को साथ लेकर चलती है, चाहे वो किसी भी जाति, धर्म या सम्प्रदाय का हो।'' मुखर्जी ने कहा कि उन्होंने पिछले साल जून में कांग्रेस में फिर से शामिल होने की इच्छा जताई थी, लेकिन विभिन्न राज्य चुनावों के कारण अब यह संभव हो सका है।

उन्होंने, जुलाई 2024 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के चार साल बाद कांग्रेस में वापसी की है।

## रिज़र्व बैंक को आशा है कि महंगाई नहीं बढ़ेगी

### रिज़र्व बैंक ने इस आशा से ही ब्याज दर घटायी है, पर, क्या यह आकलन एकदम सही है?

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी हालिया मौद्रिक नीति में, केन्द्रीय बजट के तुरंत बाद ब्याज दरों में थोड़ी कमी की है। ब्याज दर 6.50 से 6.25 प्रतिशत कर दी गई है।

यह कोई भारी कमी नहीं है। लेकिन इससे एक उम्मीद और मानसिकता बनती है। खासकर क्योंकि यह पांच सालों में पहली कटौती है। तीन मुख्य प्रश्न जो सामने आए, वो थे, क्या ब्याज दर को और कम किया जाएगा, कीमतों को क्या दिशा मिलनी चाहिए, और क्या अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ती रहेगी।

रिज़र्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जवाब दिया कि भविष्य में बैंक ब्याज दरों पर फैसला उस डेटा के आधार पर करेगा जो आने वाले समय में मिलेगा और जिस तरह से अर्थव्यवस्था व्यवहार करेगी। तो सवाल यह है कि अब से लेकर मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की अगली बैठक तक अर्थव्यवस्था में क्या बदलाव हो सकता है?

- उदाहरण के लिये, फल व सब्जी के दाम बढ़ रहे हैं, सर्दियों में भी।
- आय में बढ़ोतरी होने से फल व सब्जियों की खपत बढ़ी है, पर, इन दोनों का उत्पादन इस अनुपात में नहीं बढ़ा है और न ही फल-सब्जियों को खाने के टेबल पर शीघ्रतम समय में पहुँचाने के लिए ट्रांस्पोर्टेशन के इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है।
- ऑयल (पैट्रोलियम) के दामों में भी गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- वित्त मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर की वृद्धि में भारी राशि लगाई है, पर, अभी भी प्राइवेट सैक्टर, औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी करने के लिये मशीनों आदि की क्षमता नहीं बढ़ा रहे। शायद उनको अभी पूर्ण विश्वास नहीं है कि डिमांड बढ़ेगी और डिमांड की पूर्ति के लिये वो अपनी फैक्टरियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाए।
- पर, वित्त मंत्री की यह आशा की कंज़्यूमर गुड्स की खपत बढ़ेगी, आधारहीन नहीं। इन्फ्रास्ट्रक्चर में सरकार द्वारा पूँजी लगाने से तथा बजट में, मध्यम वर्ग के हाथों में इन्कम टैक्स घटाकर ज्यादा पैसे पहुँचाने का कुछ न कुछ अच्छा असर तो होगा ही।

गवर्नर के बयान से ऐसा लगता है कि वो उम्मीद कर रहे हैं कि कीमतें स्थिर रहेंगी। क्या यह अनुमान वाजिब और युक्तिसंगत है? खाद्य पदार्थों की कीमतों को छोड़कर, मूल्य वृद्धि काफी हद तक कम रही है। सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं और इसकी उम्मीद कम है कि इन कीमतों में स्थिरता आएगी।

यह मुख्यतः इसलिए है क्योंकि फल और सब्जियों की मांग बढ़ रही है, क्योंकि, आय में सुधार हो रहा है। बढ़ती आय के साथ, पैरिशेबल आइटम्स (जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं) का उत्पादन उतना नहीं बढ़ा है। इसके अलावा इन वस्तुओं के उचित परिवहन के लिए फसल के बाद की सुविधाओं में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना में राजस्थान को 4102 एमसीएम पानी मिलेगा

### केन्द्रीय जल शक्ति सचिव ने राजस्थान व मध्य प्रदेश को, संशोधनों को समाहित कर डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये

जयपुर, 12 फरवरी। संशोधित पीकेसी (पार्वती-कालीसिंध-चम्बल) लिंक परियोजना की डीपीआर को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव श्रीमती देबाश्री मुखर्जी की अध्यक्षता में अधिकारियों की अहम बैठक हुई।

इसमें राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय जल विकास अभिकरण को प्रस्तुत डीपीआर पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सचिव जल शक्ति मंत्रालय ने दोनों राज्यों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक संशोधनों को समाहित करते हुए आगामी 15 दिवस में डीपीआर प्रस्तुत करें।

परियोजना में राजस्थान को कुल 4102 एमसीएम जल उपलब्ध होगा। इसमें 522.80 एमसीएम पुनर्चक्रित जल शामिल है। कुल 4102 एमसीएम जल में से 1744 एमसीएम पेयजल, 205.75 एमसीएम उद्योगों, 1159.38 एमसीएम जल नए सिंचित क्षेत्र, 615.43 एमसीएम जल पूर्व निर्मित बांधों में जल अपवर्तन के लिए, 108 एमसीएम जल भू-जल पुनर्भरण के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शेष 270 एमसीएम जल का उपयोग खराब मानसून के समय में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं डीपीआर के अनुसार अन्य विकास कार्यों में उपयोग में लिया जा सकेगा।

- पार्बती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को अंतिम रूप देने के लिये हुई बैठक में राजस्थान के लिये 4102 एमसीएम जल निर्धारण किया गया। राजस्थान के हिस्से के जल का, पेयजल, उद्योगों, नये सिंचित क्षेत्र, पूर्व निर्मित बाँधों में जल अपवर्तन, भूजल पुनर्भरन तथा खराब मानसून के समय पेयजल उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न मात्रा में जल निर्धारण तय किया गया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार प्रदेश में पेयजल और सिंचाई के लिए जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में संशोधित पीकेसी (पार्वती-कालीसिंध-चम्बल) एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके जरिए राजस्थान के 17 जिलों के लगभग सवा 3 करोड़ लोगों और 2.51 लाख हेक्टेयर नए क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था हो सकेगी। पूर्व में स्थापित 1.52 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में भी सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

## मुम्बई में जी.बी.एस. संक्रमण से पहली मौत

मुंबई, 12 फरवरी। महाराष्ट्र में गुलियन-बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध मरीजों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है। वहीं, मुंबई में इस बीमारी से पहली मौत के साथ ही राज्य में एक महीने में जीबीएस से संदिग्ध तौर पर 8 लोगों की जान जा चुकी है। पुणे में जीबीएस के सबसे ज्यादा मरीज हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुणे क्षेत्र में जीबीएस के संदिग्ध और पुष्टि किए गए मामलों की संख्या 203 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की एक विज्ञिप्त में कहा गया है कि 203 मामलों में से 176 में जीबीएस का इलाज किया जा रहा है। इसमें से 52 मरीज आईसीयू में है, तथा 20 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। पुणे महानगरपालिका क्षेत्र में 41, ग्रामीण इलाकों से आए 94 मरीजों के अलावा पुणे ग्रामीण क्षेत्र के 31 सहित अन्य जिले के 8 मरीजों का अस्पतालों में जीबीएस का उपचार चल रहा हैं।

- महाराष्ट्र में इस संक्रमण से 8 मरीज मर चुके हैं। संक्रमितों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है।

## बंगलौर की मैट्रो का किराया दोगुना हुआ

### भाजपा व कांग्रेस, दोनों इस वृद्धि के लिये एक दूसरे पर आरोप लगाने में जुटी हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 फरवरी। बेंगलुरु मेट्रो के किराए में भारी वृद्धि ने सिद्धारमैया सरकार की छवि और बेंगलोर की जनता के बीच सरकार की लोकप्रियता को भारी नुकसान पहुँचाया है, जो मैट्रो किराया वृद्धि पर नाराज हैं। इसे कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के लिए बहुत बुरा प्रचारक ही जा रहा है।

भाजपा के लिए, यह दृश्य आदर्श है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार को एक जनविरोधी और लापरवाह संस्था के रूप में पेश करने में कोई समय नहीं गंवाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सभी सावधानियों और अर्थशास्त्र को नज़रअंदाज़ कर राज्य को उस स्थिति में पहुंचा दिया, जहां आम लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

यह कथानक कांग्रेस पर चिपक रहा है और सरकार बैकफुट पर है, सरकार जो बचाव पेश कर रही है उस पर लोग विश्वास करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, भले ही यह तथ्यों के आधार पर सही हो।

यह सही है, बेंगलुरु मैट्रो में किराया वृद्धि बहुत ज्यादा है, कुछ मामलों में पहले से लगभग दोगुनी और स्वाभाविक रूप से, भाजपा ने इस मुद्दे पर सरकार को जमकर निशाने पर लिया है और कहा है कि राज्य सरकार लोगों को हर तरीके से लूट रही थी ताकि अपनी वोट-बटोरने वाली मुफ्त योजनाओं के लिए धन जुटा सके।

- भाजपा, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रही है कि सस्ती लोकप्रियता के लिये ''रेवड़ियाँ'' बांटने के कारण राज्य सरकार ने ''इकॉनमी'' को तहस-नहस कर दिया है तथा आम आदमी से मैट्रो किराया वृद्धि जैसी स्कीमों से पैसा लूट कर, ''रेवडियाँ'' बाँटने के लिये पैसे इकट्ठे कर रही है और यहीं से मैट्रो का किराया दोगुना करने की दुखंतिका की शुरुआत हुई है।
- कांग्रेस का कहना है कि किराया वृद्धि में उसकी कोई भूमिका नहीं है। बैंगलोर मैट्रो केन्द्रीय सरकार का प्रोजैक्ट है तथा भारत सरकार के नगरीय विकास सचिव इस प्रोजैक्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं तथा सरकार और अफसरों से मिलजुल कर मैट्रो का किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है।
- यह भी सच है कि 2017 में जब मैट्रो का किराया निश्चित किया गया था तब मैट्रो 42.30 किलोमीटर चलती थी, पर, अब 175.55 किलोमीटर लंबा है, मैट्रो का नैटवर्क। अतः, किराया तो बढ़ना ही है।

भाजपा की आलोचना का जवाब देते हुए, राज्य के परिवहन मंत्री के रामलिंग रेड्डी ने कहा कि मैट्रो किराया वृद्धि जो दो दिन पहले लागू हुई थी, में राज्य सरकार की बिल्कुल भी कोई भूमिका नहीं थी। किराया वृद्धि केंद्रीय सरकार द्वारा चलाए जा रहे मैट्रो कॉर्पोरेशन द्वारा तय और लागू की गई थी। रेड्डी ने कहा कि भाजपा हमेशा किसी भी चीज़ का श्रेय लेने में सबसे आगे रहती है, लेकिन जब दोष लेने का समय आता है तो वे दूसरे पर डाल देती हैं।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यह बात शुरु की, उन्होंने कहा कि बेंगलुरु मैट्रो केंद्र, राज्य सरकार और मैट्रो कॉर्पोरेशन का संयुक्त ऑपरेशन है और इसके सी.ई.ओ. केंद्रीय शहरी विकास सचिव भी हैं और किराए में वृद्धि का निर्णय उन अधिकारियों द्वारा लिया गया था, जिन पर केंद्रीय सरकार का नियंत्रण है।

सिद्धारमैया ने भाजपा नेताओं के खिलाफ अभियान छेड़ा और कहा भाजपा नेता हमेशा मैट्रो परियोजना का श्रेय लेने में आगे रहते हैं और किराया वृद्धि पर सार्वजनिक आक्रोश होने पर कांग्रेस को दोषी ठहराते हैं। भाजपी नेता झूठ व आधा सच फैला रहे हैं ताकि 5 साल बाद हुई किराया वृद्धि पर तथ्यों को तोड़मरोड़ सकें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास का निधन

लखनऊ, 12 फरवरी। अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआई में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रैफर किया गया था।

पीजीआई निदेशक डॉक्टर आर.के. धीमान ने बताया, डॉक्टरों की निगरानी में लगातार उनका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक के अलावा सत्येंद्र दास को कई अन्य बीमारियां भी थीं। काफी प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

- प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शोक जताया।

आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'फोन टैपिंग आज की हो या पहले की, निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए'

### पायलट ने कहा, आरपीएससी पर हाई कोर्ट की टिप्पणी बहुत कुछ बयां कर रही है

जयपुर, 12 फरवरी। राजस्थान में फोन टैपिंग के मुद्दे पर छिड़े सियासी घमासान के बीच जहां डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने भाजपा की ओर से मिले नोटिस का जवाब देते हुए अपनी गलती मान ली है,वहीं दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि यह कोई छोटा-मोटा मुद्दा नहीं है। यह गंभीर अपराध है। विशेष रूप से जब मंत्री खुद कह रहे हैं कि उनका फोन टैप हो रहा है।

पायलट ने कहा कि अगर कांग्रेस के लोग कहें तो आप कहोगे कि यह राजनीति से प्रेरित है। अब इस पर क्या कहेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई भी घटना चाहे आज की हो या पहले की, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

पायलट बोले, हर गलती सजा मांगती है। कोई गलती करेगा तो सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस सरकार के समय लगे फोन टैपिंग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सच सामने आ जाएगा।



*कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जयपुर में अपने आवास पर राजस्थान में फोन टैपिंग के मुद्दे पर मीडिया से वार्ता की।*

- उन्होंने कहा कि नये एमओयू में राजस्थान को पहले से कम पानी मिल रहा है। सरकार को विधानसभा में इस पर जवाब देना चाहिये।
- समरावता की घटना पर पायलट ने कहा, ''हमने पहले कहा था कि प्रशासनिक और पुलिस जाँच से सच सामने नहीं आयेगा, न्यायिक जाँच से ही पीड़ितों को न्याय मिल सकता है।

पायलट ने कहा कि सरकार के एक मंत्री हैं, जिन्होंने सार्वजनिक मंच पर आरोप लगाया कि उनका फोन टैप हो रहा है। वो खुद कह रहे हैं कि उनका फोन टैप हुआ है। उन पर उनका दल नोटिस देकर जवाब मांगने की कार्रवाई करता है। यह उनका अंदरूनी मामला है।

पायलट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आरपीएससी को लेकर जो टिप्पणी की है, वह अपने आप में बहुत कुछ बयां कर रही है। आरपीएससी नौजवानों का भविष्य तय करने वाली संस्था है। हमने पहले भी कहा है कि आरपीएससी की कार्यप्रणाली पूरी तरह से कम्प्रोमाइज़्ड हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी को लेकर पहले राजस्थान को जितना पानी मिलना चाहिए था। अब सामने आया है कि नए एमओयू में उतना पानी नहीं मिल रहा है। इस पर भी सरकार को सदन में जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समरवता में हुई घटना के बाद हमने न्यायिक जांच की मांग की थी। हमने कहा था कि प्रशासनिक और पुलिस जांच से सच सामने नहीं आएगा। न्यायिक जांच से ही पीड़ितों को न्याय मिल सकता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि पीड़ितों के साथ न्याय हो।

## भाजपा ने दिल्ली की हारी हुई सीटों पर मंथन किया

नयी दिल्ली, 12 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश की बुधवार को चुनाव प्रबंध समितियों की समीक्षा बैठक हुयी, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया गया और हारी हुई विधानसभा सीटों का आकलन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी प्रभारी बैजयंत जय पांडा की अध्यक्षता में हुयी इस बैठक पार्टी के सह प्रभारी अतुल गर्ग, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, सांसद बांसुरी स्वराज, सांसद रामवीर सिंह बिधुड़ी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण

- भाजपा की दिल्ली की चुनाव प्रबंध समितियों ने बैठक में चुनाव जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**प्रत्येक कार्य अपने समय से होता है उसमें उतावली ठीक नहीं, जैसे पेड़ में कितना ही पानी डाला जाय पर फल वह अपने समय से ही देता है। –वृंद**

# मोदी ने मन की बात में हौसला अफजाई के साथ अध्यापकों और पैरेंट्स को दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 8वें संस्करण में बच्चों की हौसला बढ़ाने के साथ ही अध्यापकों और अभिभावकों को भी स्पष्ट संदेश दिया है। आज आवश्यकता बालक मन को समझने, उसकी प्रतिभा को निखारने, प्रस्पिर्धा के स्थान पर क्रियेटिविटि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बच्चों में परीक्षा के नाम से भय ना होकर उत्साह और सकारात्मक सोच होना चाहिए। ड़र नहीं बल्कि कुछ पाने की चाह होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर परीक्षाओं से पहले देश के परीक्षार्थी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों से मन की बात के माध्यम से संवाद कायम कर मोटिवेट करने की बडी पहल की है। मन की बात में परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण और सामयिक हो जाता है कि आने वाले दिनों में सीबीएसई और राज्यों के बोर्डों की परीक्षाएं होने जा रही है। देश के प्रधानमंत्री की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था और इसके साइड इफेक्ट को समझते हुए संवाद कायम करना अपने आप में महत्व रखता है। देश के लगभग सभी कोनों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों की अतिमहत्वाकांक्षा के चलते बच्चों द्वारा डिप्रेशन में जाने और अपनी जीवन लीला समाप्त करने के समाचार आम होते जा रहे हैं। हांलाकि शिक्षा नगरी कोटा बच्चों की आत्महत्या के लिए बदनाम हो गया है पर कोटा से अधिक आत्महत्याएं देश के अन्य हिस्सों में भी हो रही है। हांलाकि कोचिंग हब कोटा को आत्महत्याओं के दाग को धोने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। खैर यह विषयांतर होगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक जिम्मेदार अभिभावक की भूमिका निभाते हुये ना केवल परीक्षार्थियों की हौशला अफजाई की है अपितु अध्यापकों और पैरेंट्स को भी स्पष्ट संदेश दिया है।

इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबाने में आज घर, परिवार, समाज, शिक्षा केन्द्र और सोशियल मीडिया प्रमुखता से नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पता नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी यह किस तरह का बदलाव है कि 20-21वीं सदी में दसवीं पास करना बड़ी बात माना जाता था तो परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों में से फर्स्ट डिविजन कुछ हजार तक ही रहते थे उसके बाद लगभग दोगुणे द्वितीय श्रेणी में व बाकी तीसरी डिविजन में संतोष कर लेते थे। आज हालात यह है कि परीक्षा देने वाले अधिकांश बच्चों के मार्क्स तो 90 प्रतिशत या इससे अधिक ही होते हैं। 80 से 90 प्रतिशत तक उससे कम और उनसे भी कम बच्चें इससे कम प्रतिशत में होते हैं। यहां सवाल परीक्षा प्रणाली को लेकर हो जाता है तो दूसरी और प्रतिस्पर्धा की यह खिचड़ी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और खासतौर से उनके पैरेंटस में होने लगी है। अब तो हो यह गया है कि पैरेंट्स की प्रतिष्ठा के लिए बच्चों की बली चढ़ाई जाने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा है कि कूकर के प्रेशर की तरह बच्चों को प्रेशर में रखना ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका में आ गया है। अब अभिभावक दिशा देने वाले के स्थान पर अपनी कुंठा को बच्चों से पूरा कराने में जुटे हैं। यह वास्तविकता है। बच्चें की लगन किसी और दिशा में होती है और उससे अपेक्षा कुछ और करने या बनाने की होने लगती है। कुछ बच्चों का कोमल मन यह प्रेशर सहन नहीं कर पाता है और डिप्रेशन या मौत को गले लगा लेते हैं और फिर पैरेंट्स आंसू पूछते रह जाते हैं।

**परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाड़ी की भूमिका निभाने का संदेश दिया तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत ड़ालने, खुल कर अपनी बात कहने, मन को शांत रखने, केवल किताबी कीड़ा नहीं बनने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया।**

परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाडी की भूमिका निभाने का संदेश दिया तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत ड़ालने, खुल कर अपनी बात कहने, मन को शांत रखने, केवल किताबी कीड़ा नहीं बनने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। हमें दूसरे के स्थान पर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी है। स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो आत्मविश्वास बढ़ेगा। दरअसल होता यह है कि दूसरे प्रतिस्पर्धा करने के चक्कर में नकारात्मकता अधिक आती है। होना तो यह चाहिए कि अपनी कमियों को ही सबक बनाकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

आज बच्चों को खुला आसमान चाहिए। जहां वह अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा है कि विफलताओं से निराश नहीं होकर उससे सबक लेना चाहिए। जीवन में सफल होने के लिए बहुत कुछ होता है। मोदी जी ने मन की बात में बच्चों, परिजनों और टीचर्स तीनों को ही संदेश देने का प्रयास किया है। होता यह है कि जो बच्चें हौशियार होते हैं या प्रभावशाली परिवार के हैं तो टीचर्स का उन पर विशेष ध्यान होता है और जो बच्चें कमजोर होते हैं तो पीटी मीटिंग के माध्यम से पैरेंट्स को नीचा दिखा कर इतिश्री कर लेते हैं। बच्चों की नाकामी पर कभी किसी स्कूल ने या टीचर ने जिम्मेदारी ली हो यह आज तो लगभग असंभव ही है। चाहे आप पढ़ाई के नाम पर स्कूल को कितनी ही फीस देते हो आप पर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तौर पर बच्चें को ट्यूशन कराने का दबाव तो आ ही जाता है। यदि शिक्षण संस्थानों में कमजोर और औसत बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाएं तो तस्वीर का पहलू दूसरा ही हो सकता है। इसी तरह से पैरेंट्स को भी नसीहत देने में मोदी जी पीछे नहीं रहे हैं। पैरेंट्स को बच्चों की लगन, रुचि को समझना होगा। अपनी अपेक्षाएं उस पर लादने के स्थान पर दिशा देने के प्रयास करने होंगे। बच्चों के साथ बैठकर खुलकर बात करें। उनकी ईच्छा लगन और कोई परेशानी है तो उसे समझने का प्रयास करें। बच्चों में परस्पर तुलना करके बालक मन को कुंठित नहीं करना चाहिए। बच्चों को निराश करने के स्थान पर मोटिवेट करने के समग्र प्रयासों की आवश्यकता है। बच्चों को मशीन नहीं बनाया जाना चाहिए। बच्चों को समझाया यह जाना चाहिए कि 24 घंटें का समय सभी के पास होता है, इस समय को किस प्रकार से उपयोग करना है इस पर फोकस हो तो निश्चित रुप से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनमें सकारात्मकता विकसित करने की दिशा में हमें काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षाओं से पहले अपने प्रधानमंत्री काल में 8वीं बार परीक्षा पर चर्चा करते हुए बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को संदेश देने का सार्थक प्रयास किया गया है। अब सबका दायित्व हो जाता है कि इन सकारात्मक पक्षों को बच्चों तक पहुंचाया जाएं। बच्चों को समझाना होगा कि बड़ी बात जीवन में सफल होना है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# क्या विज्ञान ही वास्तविक अलौकिकता है?



डॉ. रामावतार शर्मा

यदि हम आज से हजारों साल पहले की दुनिया के बारे में कल्पना करें और यदि धर्म कथाओं की किंवदंतियों को छोड़ दिया जाए जो कि वास्तविकता में बहुत बाद में प्रकाशित हुई हैं, तो हम स्पष्ट तरह से अंदाजा लगा सकते हैं कि हमारे अति प्राचीन पुरखों ने एयरोप्लेन, कार, कंप्यूटर, मोटरबाइक आदि डिजाइन करने के बारे में नहीं सोचा होगा। एक समय ऐसा भी रहा होगा जब आदि मानव ने घर या चारपाई तक के बारे में भी कल्पना न की होगी। ज्यादा दूर नहीं जाएं तो भी हम पाएंगे कि आज से चंद दशकों पहले किसी ने माइक्रोचिप और आधुनिक मोबाइल के बारे में सोचा भी नहीं होगा। यदि ध्यान से सोचा जाए तो उपरोक्त सभी विकास और आधुनिक तकरीबन सारी वस्तुएं भूतकाल में कभी भी पृथ्वी पर मानव जीवन और जीवन के प्रति सोच का हिस्सा नहीं रही है जबकि हम चौथी विकास क्रांति के तो अभी प्रारंभ में ही हैं। इस मानवीय विकास का कोई व्यक्ति विशेष प्रणेता भी नहीं है और 17वीं से 20वीं सदी के नायक वैज्ञानिकों की तरह आज जन सामान्य में सर्व विदित वैज्ञानिक भी नहीं हैं जिन्हें इस क्रांतिकारी विकास का बड़ा श्रेय दिया जा सके। आज का विज्ञान एक संस्थागत, व्यावसायिक और व्यापक आधार वाला तंत्र है जहां उपभोक्ता भी आविष्कार के विकास में सहायक है। उदाहरण के लिए उपभोक्ता मोबाइल फोन और कार आदि के विकास में भी सहायक होते हैं, इनपुट्स देते है और एक तरह से आर्थिक भागीदारी करते हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में उपभोग निर्माताओं के पास बहुत बड़ी मात्रा में धन प्रवाहित करता है। धन की यह उपलब्धता और नई खोज को जन्म देती है।

हमारे पूर्वजों ने तारे, सूरज, चांद, बादल आदि को बहुत ही गौर से देखा होगा। वे अचंभित भी हुए होंगे और कितनी ही तीव्र उत्सुकताओं ने उनके मस्तिष्क के उन्हीं भागों को क्रियाशील बनाया होगा जिन भागों को आज की वैज्ञानिक उपलब्धित सक्रिय करती हैं। माना कि उनके पास दवाएं, उपकरण, कृषि ज्ञान, स्वचालित हथियार और घरेलू संसाधन नहीं थे परंतु मानव जीवन की प्रारंभिक अवस्था के हजारों साल बाद उन्होंने इस सब आयामों के बारे में कल्पना करना अवश्य प्रारंभ किया होगा फिर चाहे ऐसे लोग बहुत कम संख्या में ही क्यों न रहे होंगे। उन्होंने आकाशीय और तटीय घटनाओं को देखा होगा और उनका विश्लेषण करने के प्रयास भी किए होंगे परंतु ज्ञान एवं संसाधनों के अभाव में वे ज्यादा कुछ कर नहीं पाए। आज का वैज्ञानिक आधारभूत ढांचा तो आज से 20-25 वर्ष पहले तक ही उपलब्ध नहीं था। ऐसे हालातों में यह निष्कर्ष आसानी से निकाला जा सकता है कि बीती सदियों में हजारों साल के मापदंड पर देखा जाए तो किसी व्यक्ति के जीवन में एक भी क्रांतिकारी घटना या खोज न हुई हो क्योंकि उस समयकाल में क्रांतिकारी खोज तो सैकड़ों सालों में एक दो बार हुआ करती थी जैसे कि आग को पैदा करना, धातु तैयार करना, धनुष का विकास आदि।

मनुष्य ने निश्चित तौर पर उस दौरान भी एक आरामदायक और सुरक्षित जीवन के बारे में प्रयास किया होगा। विकास को गति देने की कोशिशें जरूर हुई होंगी लेकिन संसाधन नहीं होने से बात आगे नहीं बढ़ती थी। ऐसे में लोग कल्पनाएं करते थे जो आगे चलकर किवदंतियां बनी और एक समयकाल के बाद धार्मिक ग्रंथों का हिस्सा बन कर आज तक हमारे सोच पर छाई हुई है। मिथक की अपनी एक जीवन शक्ति होती है जो सदियों बाद भी उसे सजीव जैसा रखती है क्योंकि यह मिथक मानव मस्तिष्क के एक विशेष हिस्से को सदियों तक जागृत किए रखे था। मिथक से मुक्ति पाना आसान नहीं है फिर चाहे कोई विज्ञान पढ़े या मनोविज्ञान का अध्ययन करे। यहां एक भय यह है यदि एआई ने इस मानवीय मिथक कमजोरी को पकड़ लिया तो भविष्य में यह नई शक्ति मनुष्य को पछाड़ कर उसके अस्तित्व पर हावी हो सकती है।

18वीं सदी के मध्य से आधुनिक औद्योगिक क्रांति कोयले की खोज से प्रारंभ हुई और 21वीं सदी के आते आते तो विकास की घटनाएं बड़ी तेज गति से बढ़ी। आज स्थिति यह कि कोई 7 लाख किलोमीटर प्रति घंटे की गति से अग्रसर सूर्य यान हमें अचंभित नहीं करता, इस बारे में आज का जन समूह बात तक नहीं करता, कोई नई खोज हमें उत्साहित तो करती है पर हम विस्मित नहीं होते है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अब हमारे सौ साल के अपेक्षित जीवन में हजार के आसपास नई वस्तुएं हमारे आसपास निर्मित हो रही हैं और असंख्य छोटे-बड़े आविष्कार लगातार सामने आते रहते हैं। आविष्कार की निरंतरता ने आविष्कार से चमत्कृत होने के हमारे स्वभाव को समाप्त कर दिया है। ऐतिहासिक रूप में प्रबोधन या अलौकिकता को सत्ता ने अध्यात्म एवं धर्म से जोड़े रखा है।

यह एक सूक्ष्म तरीके का षडयंत्र है जिसके द्वारा सत्ता में बैठे लोग हर एक व्यक्ति को नियंत्रित रख सकें। विज्ञान की क्रांति ने एक विशेष प्रकार की अलौकिकता का विकल्प हमारे सामने रखा है। विज्ञान का ज्ञान हर समय हर जगह उपलब्ध है। आपका मोबाइल फोन विश्व की किसी भी लाइब्रेरी से कितने ही गुना अधिक सूचनाएं एवं विचार आप तक तुरंत प्रभाव से पहुंचा सकता है। ज्ञान की यह उपलब्धता एक क्रांति है जो सत्ता में बैठे लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन कर उभर रही है।

यही कारण है कि पूरे विश्व में लोगों को वापस पुराने धार्मिक ग्रंथों की तरफ धकेला जा रहा है। माना कि इन ठांथों में कुछ बेहतरीन ज्ञान है परन्तु इनमें अधिकता तो कट्टर स्वः मताभिमान (डोगमा) की ही पाई जाती है। इन ग्रंथों में उपस्थित मिथ्या को इंगित करना जानलेवा हो सकता है। इसके विपरीत विज्ञान में हर थ्योरी का विरोध हुआ है, होता रहेगा और यह आलोचना ही विज्ञान के विकास का कारण रहा है। विज्ञान में हर सिद्धांत को सिद्ध होने की कसौटी से गुजरना ही पड़ेगा और यह बात ही विज्ञान के विकास का सबसे बड़ा कारण है।

यह एक बड़ा कारण है जिसके कारण विज्ञान को व्यापार के साथ गठबंधन में डाल कर सत्ता ने इसकी आलौकिकता को नष्ट कर दिया है ताकि लोग विज्ञान को अलौकिक मार्ग की बजाय धनोपार्जन का माध्यम मात्र मान लें। ऐसा करने में विश्व की सत्ताएं सफल हो रही है जो कि एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सामान्य लोग सत्ता में बैठे लोगों का अंधानुकरण कर विज्ञान का उपयोग नहीं कर पा रहे है बल्कि इसके दुरुपयोग द्वारा टारगेटेड झूठ के प्रसारण में सहायक हो रहे हैं। यह एक ऐसा कारण है जो विज्ञान के माध्यम से अलौकिकता तक पहुंचने में बड़ी बाधा बन रहा है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# कुलधरा में मांडणा आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन

## मांडणा आर्ट प्रदर्शनी का पर्यटकों ने लुत्फ उठाया



**देशी-विदेशी सैलानियों ने स्थानीय मांडणों को बारिकी से देखा एवं अपने कैमरों में कैद किया।**

**जैसलमेर,** (निसं)। मरू महोत्सव के अंतिम दिवस 12 फरवरी बुधवार को प्राचीन ऐतिहासिक कुलधरा गांव में मांडणा आर्ट प्रदर्शनी व रंगोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मांडणा आर्ट प्रदर्शनी व रंगोली को देशी-विदेशी सैलानियों ने उत्साह के साथ देखा एवं वहां पर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया।

जैसलमेर विकास समिति के सचिव चन्द्रप्रकाश व्यास के निर्देशन में प्राचीन घरों पर मांडणा भी बेहतरीन व आकर्षक बनाये गये। वहीं रंगोली भी उकेरी गई। यहां पर आये देशी-विदेशी सैलानियों ने सहित कई लोगों ने स्थानीय मांडणों को बारिकी से देखा एवं अपने कैमरों में कैद किया।

# पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ी

## सरकारी और प्राइवेट स्कूलों ने अब तक नहीं भरे एग्जाम फॉर्म, दूसरी बार डेट बढ़ाई

- **पांच फरवरी तक केवल 80 फीसदी अभ्यर्थियों की ओर से ही परीक्षा फॉर्म भरे गए हैं**
- **फॉर्म भरने से कुल वंचित अभ्यर्थियों में 40 हजार आठवीं और 80 हजार पांचवी के विद्यार्थी शामिल हैं**

**बीकानेर,** (निसं)। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा ने पांचवीं और आठवीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा के एग्जाम फॉर्म की लास्ट डेट दूसरी बार बढ़ाई है। अब 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि ये अंतिम अवसर है। इसके बाद डेट्स में बढ़ोतरी नहीं होगी।

पंजीयक नरेंद्र सोनी ने बताया कि अभी भी बड़ी संख्या में प्राइवेट और सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने ऑनलाइन आवेदन लॉक नहीं किए हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स को ध्यान में रखते हुए दूसरी बार डेट बढ़ाई गई है। दोनों क्लास में करीब 26 लाख रुपए स्टूडेंट्स है, जिसमें एक लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के फॉर्म बुधवार तक भी अधूरे थे। आमतौर पर शिक्षा विभाग हर साल दो बार लास्ट डेट्स बढ़ा देता हैं। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने परीक्षा फार्म बनाने का प्रोसेस 20 जनवरी से शुरू किया था। पूर्व में अंतिम तिथि 5 फरवरी निर्धारित की गई थी। 5 फरवरी तक केवल 80 फीसदी अभ्यर्थियों की ओर से ही परीक्षा फॉर्म भरे गए। ऐसे में शिक्षा विभाग ने अंतिम तिथि में सप्ताह भर की और बढ़ोतरी की थी। पंजीयक ने बताया कि अब अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की संभावना कम है। संबंधी संस्था प्रधानों को निर्धारित समय 12 फरवरी तक आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दो दिन पहले तक करीब 1.20 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है। इन अभ्यर्थियों के पास अब दो दिन का समय शेष है। फॉर्म भरने से कुल वंचित अभ्यर्थियों में 40 हजार आठवीं और 80 हजार पांचवी के विद्यार्थी शामिल हैं।

# माघ मास की पवित्र पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाई

- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्कर में पवित्र सरोवर का दुग्धाभिषेक कर पूजा-अर्चना की**

**पुष्कर/अजमेर,** (निसं)। माघ मास की पवित्र पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को पुष्कर सरोवर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान व पूजन कर धर्मलाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने जगतपिता ब्रहमा मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। आचार्य पवन शर्मा ने बताया कि धर्मशास्त्रों में माघ पूर्णिमा के स्नान, पूजन व दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है, जिसके चलते हजारों श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे। वहीं शाम को जयपुर घाट पर सरोवर की दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया।



**माघ मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया।**

माघ पूर्णिमा के मौके पर बुधवार की शाम पुष्करराज दिव्य महाआरती संघ की ओर से जयपुर घाट पर सरोवर की महाआरती की गई। संघ के संरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि पं. कैलाशनाथ दाधीच के आचार्यत्व में सरोवर का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही पं. चंद्रशेखर गौड़, ईशान गौड़, यश गौड़ ने तीन मंचों से सरोवर की दिव्य महाआरती की।

इस अवसर पर नगर सुधार न्यास अजमेर के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश जैन, मांगीलाल, विकास खटाना, इंद्रसिंह पवार, बाबूलाल दग्दी, अर्पित सांखला, गायत्री शर्मा, अर्चना गौड़, अरुणा शर्मा, अर्चना जैन, विक्रम सिंह, रवि मेहता, कथावाचक स्वामी केशवचार्य महाराज काफी संख्या में धर्मप्रेमी महिला पुरूषों ने महाआरती में भाग लिया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर, रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर, वराह मंदिर, रमा बैकुंठ मंदिर, कल्याणजी मंदिर सहित सावित्री व पाप मोचनी पहाड़ी के दर्शन किए। माघ पूर्णिमा के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को तीर्थ नगरी पुष्कर में पवित्र सरोवर का दुग्धाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और जगतपिता ब्रह्माजी की पूजा-अर्चना कर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सिंधी समाज के कुलगुरु काली टोपी परिवार के पंडित सुरेश पाराशर और पंडित रवि पाराशर ने वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पुष्कर सरोवर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर देवनानी ने कहा कि माघी पूर्णिमा का दिन आध्यात्मिक ऊर्जा, पुण्य और मोक्ष प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस शुभ दिवस पर तीर्थराज पुष्कर सरोवर पर पूजन व जगतपिता ब्रह्माजी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने देश व प्रदेश के लोगों के लिए सुख समृद्धि और शांति की कामना करते हुए प्रार्थना की।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 13 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र रात्रि 9:07 तक, शोभन योग प्रातः 7:31 तक, बालव करण प्रातः 7:52 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज शब-ए-बारात है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:32 तक, चर 11:18 से 12:41 तक, लाभ-अमृत 12:41 से 3:27 तक, शुभ 4:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:09, सूर्यास्त 6:13

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि का भय है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**तुला**
आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी अभी यथावत बनी रहेगी। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

## सार-समाचार

### बालिकाओं साइकिलें बांटी

**जोधपुर, (कासं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में राज्य सरकार द्वारा नवम कक्षा में अध्यनरत बालिकाओं के लिए नि: शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय की 18 छात्राओं को नि :शुल्क साइकिल वितरित की गई । इस दौरान छात्रों के चेहरे खिल उठे और बताया कि इसे हम नियमित विद्यालय लेकर आएंगे एवं इनका हमारे जीवन में सदुपयोग करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र लक्ष्कार ने बताया कि इस अवसर पर संस्थाप्रधान आईदानराम चौधरी द्वारा राज्य सरकार द्वारा विभिन्न शिक्षा विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें, साथ ही समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखते हुए परीक्षा में प्रश्न पत्र हल संबंधी अनेक टिप्स बताएं ताकि बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं करियर मेला में निबंध , क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि कालूराम, विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष प्रकाश काला तथा बुद्धाराम लटियाल एवं अन्य ठााम वासी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सिकंदर खान ने किया।

### गोली लगने से युवक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी जिले में देचू थानान्तर्गत जैसलमेर रोड पर मंगलवार की रात को दो गुटों में आपसी विवाद के बाद झगड़ा हो गया। झगड़े में फायरिंग होने से एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर देचू पुलिस मौके पर पहुंची। फलोदी एसपी पूजा अवाना ने भी मौका निरीक्षण किया। हमलावरों की दस्तयाबी के प्रयास जारी है। शव को देचू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार राजमार्ग 125 मेगा हाईवे जोधपुर-जैसलमेर रोड देचू के पास बीती रात दो गुटों के युवकों की बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान वहां हुई फायरिंग में सगरा निवासी जुंझार सिंह की मौत हो गई। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी बृजराज सिंह चारण, लोहावट वृत्ताधिकारी संठााम सिंह भाटी, देचू थानाधिकारी शिवराज सिंह भाटी मय अतिरिक्त पुलिस जाब्ता देचू उपजिला अस्पताल पहुंचे । बताया गया कि पीलवा चौराहा के पास में कल शाम को झगड़ा होने के बाद रात में फिर विवाद हो गया था।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की माता का थान पुलिस ने बासनी तंबोलिया गांव में नवंबर को एक मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर नकबजनों को पकड़ा है। सूने मकान से 30 तोला सोना, एक किलो चांदी और दो लाख की नगदी चोरी हुई थी। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए अब दो शातिरों को पकड़ा है। माता का थान पुलिस ने बताया कि 19 नवंबर 24 को बासनी तंबोलिया निवासी नितिन वैष्णव पुत्र नंदकिशोर की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि वह 16 नवंबर को जैसलमेर शादी समारोह में गया था। इस बीच घर सूना था। 19 को वापिस लौटा तब घर में चोरी का पता लगा। अज्ञात चोर घर से सोने का तिमणिया, अंगुठियां, रखड़ी सेट, चेनें आदि 30 तोला सोनें क जेवरात एवं एक किलो के आसपास चांदी के आभूषण चुरा ले गए। साथ ही अलमारी से दो लाख की नगदी भी चुरा ले गए। प्रकरण में पुलिस ने अब दो शातिर नकबजनों झाक बिलाड़ा निवासी अशोक सोलंकी और हरियाढाणा निवासी हिम्मत सिंह को गिरफ्तार किया है। चोरी के माल की बरामदगी के प्रयास जारी है।

### विद्यार्थियों ने प्रौद्योगिकी संस्थान देखा

**जोधपुर, (कासं)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर की कक्षा 9 और कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत जोधपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का भ्रमण कर गतिविधियों को करीब से देखा। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि अनुभवपरक शिक्षा के लिए आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण के रूप में विद्यार्थियों ने संस्थान के आधारभूत संरचना की साथ वहाँ संचालित पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षिक परिवेश को जीवंत अनुभव किया। विद्यार्थियों ने फुटवेयर डिजाइन एवं विकास संस्थान का भी भ्रमण किया। शिक्षक राम लाल यादव, डॉ. सुनीता यादव, पंकज गहलोत, सुश्री पायल वर्मा और गणेश जांगिड़ के मार्गदर्शन में बच्चों की अनुभव भरी आनंददायक शैक्षिक यात्रा सम्पन्न हुई।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज

**जालोर, (कासं)।** जिले में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों को अब 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर 13 से 15 फरवरी तक जालोर तहसील की बिबलसर व चांदणा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वत: रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

### राज्य स्तर पर सम्मान

**पाली, (नि.सं.)।** राष्ट्रीय कृषि एवं ठाामीण विकास बैंक नाबार्ड जयपुर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष में सहकारिता विकास की नई राह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड विनोद दाधीच ने बताया कि सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संगठनों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक एवं प्रमुख सचिव मंजू राजपाल की उपस्थिति में समारोह में पाली जिले के जाडन ठााम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक जसवीर सिंह को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर पैक्स कंप्यूटराइजेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड जयपुर के सीजीएम डॉ राजीव भी मौजूद रहे।

### 35 हजार रिफंड करवाए

**जोधपुर, (कासं)।** शहर ग्रामीण पुलिस की साइबर सैल ने एक व्यक्ति से 35 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी पर कार्रवाई करते हुए यह राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि बरसालु कलां ओसियां निवासी छोटूराम को फ्रॉडस्टर ने एपीके लिंक भेजा था जिसे क्लिक करने पर फ्रॉडस्टर ने 35 हजार रुपए निकाल लिए। इस पर परिवादी ने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर साइबर सैल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक/वॉलेट से संपर्क कर 35 हजार रुपए की राशि होल्ड करवा दी। साथ ही परिवादी के बैंक खाते में वापस रिफण्ड करवाने में सफलता प्राप्त की।

### मुनाफा का झांसा देकर महिला से ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर निवेश कराकर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया। कुड़ी भगतासनी थाने में दी रिपोर्ट में सिद्धी विनायक सोसायटी निवासी रानू सोनी पत्नी धर्मवीर सिंह सुनार ने पुलिस को बताया कि गत वर्ष अक्टूबर माह में आरोपी कबूतरों का चौक निवासी अरिहंत भंसाली, सोनी धर्मशाला के सामने सूरसागर निवासी प्रिंस सोनी व श्रवण ने उसको शेयर मार्केट में निवेश में अच्छा मुनाफा दिलाने के नाम पर राशि निवेश करा दी लेकिन अब वो न तो मूल राशि लौटा रहे और नहीं मुनाफा। पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### मॉडल विद्यालय में विदाई रागारोह हुआ

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर समीपवर्ती गाँय देरोल स्थित ब्लॉक स्तरीय स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष शान्ति हवन कर बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में गुख्य अतिथि श्री अन्नाराग गोवारसा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर एवं प्रधानाचार्य केशर सिंह राव ने विदाई लेने वाले विद्यार्थियों को कठिन परिश्रग की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की गंगल कामना व्यक्त की साथ ही आज गाध पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानाचार्य केशर सिंह राव एवं अभिभावक रूपाराम प्रजापत द्वारा सभी विद्यार्थियों को कृष्ण-भोग (गोजन प्रसादी) करवाया गया।

# महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने 843.70 करोड़ रुपए का बजट पेश किया

**जोधपुर, (कासं)।** नगर निगम दक्षिण महापौर वनिता सेठ की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम सभागार में बजट बोर्ड बैठक आयोजित हुई। महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने सदन में 843.70 करोड रुपए का बजट रखा , जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इस बार बजट में शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। साथ ही नगर निगम की आय बढ़ाने को लेकर भी कई प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। बैठक में विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, विधायक जोधपुर शहर अतुल भंसाली, नेता प्रतिपक्ष गणपत सिंह चौहान, आयुक्त दक्षिण सिद्धार्थ पालानीचामी सहित पार्षद गण, अधिकारी गण मौजूद रहे।

बोर्ड बैठक की शुरुआत में बजट अभिभाषण पढ़ते हुए महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने कहा कि करीब सवा 4 साल पहले पहली बार राज्य सरकार ने जोधपुर में दो नगर निगम बनाए थे। पिछले सवा 4 साल के कार्यकाल में नगर निगम दक्षिण बोर्ड के सभी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारियों के कुशल प्रबंधन से न केवल आय में वृद्धि हुई, बल्कि शहर के विकास कार्यों को भी गति दी गई।

उन्होंने कहा कि हमारे बोर्ड की पहली प्राथमिकता सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना रही और बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए गए , साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए भी नगर निगम बोर्ड सतत रूप से प्रयत्नशील हैं।

## निगम बोर्ड ने इस बार किए कई नवाचार

महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने कहा कि नगर निगम दक्षिण बोर्ड ने इस बार कई नवाचार किया, जिसमें प्रमुख रूप से गांधी मैदान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण से पहली बार महिला उद्यिमता मेला लगाकर महिला उद्यिमयों को नि:शुल्क स्टॉल आवंटित की गई और तीन दिन तक महिलाओं उद्यिमयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। गांधी मैदान में पहली बार मकर संक्रांति का अवसर पर पतंगबाजी का कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहीं दीपावली के अवसर पर नगर निगम जोधपुर दक्षिण की ओर से फायर शो का भी आयोजन किया गया। भारतीय नववर्ष के अवसर पर नगर निगम की ओर से भजन संध्या, कन्या पूजन एवं विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## सीवरेज सिस्टम को किया जा रहा है सशक्त

महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने बताया कि अमृत 2.0 के तहत नगर निगम दक्षिण क्षेत्र में करीब 200 किलोमीटर नई सीवरेज लाइन डालने एवं पुरानी सीवरेज लाइन बदलने का कार्य किया जा रहा है। अब तक 115 किलोमीटर नई सीवरेज लाइन डालने का कार्य हो चुका है, साथ ही 3350 घरों में नए सीवरेज कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सालावास में 50 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। चौपासनी गांव के दुर्गम स्थलों पर भी सीवरेज लाइन डालने का 50 का कार्य पूरा हो चुका है। नगर निगम दक्षिण के विभिन्न वार्डों में 1000 रोड लाइट लगाई जा रही है, वहीं 45 सेमी हाई मास्क लाइट लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि विद्युत शाखा की ओर से 48 घंटे में शिकायत का समाधान किया जा रहा है ।

महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने अपने अंतिम बजट में शहर को कई बड़ी सौगात दी है, जिनमें प्रमुख रूप से प्रत्येक वार्ड में पार्षद निधि से 50 लाख रुपए के विकास कार्य करवाने, माचिया सफारी पार्क के पास स्थित 30 बीघा जमीन पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के नाम से खेल स्टेडियम बनाने, नगर निगम दक्षिण क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पांच सीएनजी गैस पॉइंट स्थापित करने, उद्यान एवं सामुदायिक भवन को विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शैक्षिणक संस्थाओं को गोद देने की घोषणा की गई। महापौर दक्षिण ने घोषणा की कि चिड़ियानाथ जी पार्क में लाइट की टनल स्थापित की जाएगी और बिजली के बचत के लिए सोलर प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने नगर निगम दक्षिण की ओर से उम्मेद स्टेडियम में 10 लाइन लगवाने की भी घोषणा की। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए 8 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष पर चार महिलाओं को ई-रिक्शा देने की भी घोषणा की गई। महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने शहर में 40 सरस बूथ महिलाओं का आवंटित करने, पर्यटन स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थान पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाने, पर्यावरण को हरित करने के उद्देश्य से सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों को ई-बाइक उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

## सड़क नामकरण के प्रस्ताव किए पास

महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने बैठक में पूर्व विधायक स्वर्गीय श्रीमती सूर्यकांता व्यास, पूर्व विधायक स्वर्गीय मोहन मेघवाल, पूर्व पार्षद स्वर्गीय रमा ओझा, गुरु जंभेश्वर मार्ग, रिटायर्ड आईपीएस स्वर्गीय बी .आर. ग्वाला के नाम से सड़क नामकरण के प्रस्ताव भी रखा जिन्हें बहुमत से पारित किया गया।

## ड्रग्स तस्करी का वांटेड गिरफ्तार

**पाली, (निसं)।** पाली पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के मामले में वांटेड ड्रग्स तस्कर और सप्लायर को करीब 15 दिन की मशक्कत के बाद आखिरकार पकड़ने में कामयाबी हासिल की। दोनों को पुलिस प्रतापगढ़ से दस्तयाब कर लाई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों का प्रदेश में मेवाड़ से लेकर मारवाड़ तक में नेटवर्क फैला हुआ है।

सदर थाना के सहदेव चौधरी ने बताया कि 29 जनवरी को सोनाईमांझी टोल प्लाजा पर मेवाड़ से मारवाड़ लाई जा रही 561 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स सहित एक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया था। उससे मिली जानकारी के अनुसार मामले में वांछित ड्रग्स तस्कर व सप्लायर को पकड़ने के लिए टीम गठित की, जो आरोपियों की तलाश में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, प्रतापगढ़ में कई दिनों तक घूमती रही। आखिरकार आरोपियों के प्रतापगढ़ में छुपे होने की सूचना पर टीम प्रतापगढ़ पहुंची। जहां से ड्रग्स तस्कर अजरूदीन पुत्र शमशेर खान पठान निवासी मुसलमानों का बास कोठड़ी प्रतापगढ़ और सप्लायर दिलीप पुत्र मांगीलाल कीर निवासी कोठड़ी प्रतापगढ़ को दस्तयाब कर पाली लाए। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने मेवाड़ से लेकर मारवाड़ तक नशे का कारोबार फैला रखा है। पूछताछ की जा रही है।

# कंटीली झाड़ियों में पड़ी नवजात को किसान ने संभाला

**पाली, (निसं)।** पाली में मां-बाप 10 से 15 दिन की नवजात को कंटीली झाड़ियों में मरने के लिए छोड़ कर चले गए। रास्ते से गुजर रहे एक किसान ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो उसे उठाकर अपने सीने से लगा लिया। पानी और दूध पिलाकर चुप कराया। नवजात को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह किसान इकलास खान सिंधी बाइक पर अपने खेत से निम्बाड़ा स्थित घर की ओर जा रहे थे।

भालेलाव-निम्बाड़ा गांव के बीच झाली के पास उन्हें बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। झाड़ियों में जाकर देखा तो एक मासूम रो रही थी। उन्होंने तुरंत उसे संभाला और निम्बाड़ा, भालेलाव, निम्बली के ग्रामीणों का सूचना दी। उन्होंने मासूम को संभाला और सीने से लगाकर चुप करवाने का प्रयास किया। इस बीच मौके पर ग्रामीण पानी और दूध लेकर पहुंचे। सूचना पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। मासूम को तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर लिया गया है। मासूम की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ग्रामीण ओमप्रकाश मेघवाल ने बताया कि मासूम को अच्छे कपड़े और पैरों में मौजे पहना रखे थे। बेबी टॉवेल में लिपटा कर उसे छोड़ा गया। उसके बाल बनाए हुए थे और आंखों में काजल भी लगाया हुआ था। पूरा श्रंगार कर उसे परिजन उसे झाड़ियों में छोड़कर चले गए। डॉक्टर बोले कि बच्ची एकदम स्वस्थ है, जांचें करवा रहे हैं। मामले में बांगड़ हॉस्पिटल के चाइल्ड विभाग के एचओडी डॉ. आरके विश्नोई ने बताया कि बच्ची का जन्म 10 से 15 दिन पहले हुआ है। बच्ची का वजन 2.6 है। प्रारंभिक जांच में वह स्वस्थ नजर आ रही है। फिर भी आवश्यक जांचें करवा रहे हैं, जिससे पता चले सके कि उसे किसी तरह का इन्फेक्शन या कोई बीमारी तो नहीं है।

सदर थाने के सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि मासूम को इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। बाल कल्याण समिति को सूचना दी। शुरुआती जांच में बच्ची स्वस्थ है। डॉक्टरों की टीम मॉनिटरिंग कर रही है। मामले में पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा की

**रेवदर, (निसं)।** सिरोही- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के रेवदर ब्लॉक मासिक समीक्षा बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेवदर के सभा भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराडी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एसपी शर्मा ने ब्लॉक बैठक में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा की। आरसीएचओ डॉ. रितेश सांखला ने चिकित्सा संस्थान में साफ-सफाई रखने के लिए व गर्भवती महिला की अनिवार्य 4 जाँच समय रहते करना आवश्यक व संस्थागत प्रसव को ब?ावा देना साथ गर्भवती महिला व बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत करना साथ पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री के चिकित्साकर्मी को निर्देश दिये।

बैठक में बीसीएमओ डॉ. लॉग मोहम्मद, डीपीसी डॉ. संजय नवल, जिला आशा समन्वयक चंद्राराम लोहार, डीपीसी पीसीपीएनडीटी देवकिशन छंगाणी के साथ चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 13 भूखण्डों को बेचकर करोड़ों का गबन, आरोपी गोवा से गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की उदयमंदिर पुलिस ने फर्जी आम मुख्तयारनामा के आधार पर 13 भूखंडों को बेचने के बाद करोड़ों रूपए हड़पने के आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। उसके गोवा में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम वहां पहुंची और दस्तयाब कर लाई। उसका एक अन्य साथी भी पुलिस के हाथ लगा है। वहीं तीसरे साथी की तलाश की जा रही है जोकि फरार हो गया।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि धोखाधड़ी के आरोपी दवेश शर्मा निवासी बोड़ों की घाटी, नवचौकिया को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ में एक अन्य साथी हरीश वैष्णव को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दवेश शर्मा भूखंडों का बेचान कर फर्जीवाड़ा करते हुए मडगांव गोवा में जाकर रहने लगा था। एक अन्य आरोपी पीयूष दाधिच फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

थानाधिकारी खोजा ने बताया कि मामले में रामबाग रोड कागा निवासी कौशल्या देवी बंग पत्नी पुखराज बंग ने रिपोर्ट दी थी। इसके अनुसार उसके स्वयं की ग्राम दइजर की जमीन का फर्जी व कुटरचित आम मुतख्यारनामा तैयार कर भूखण्डों को आगे अलग अलग व्यक्यिों को बेचान कर दिया है।

थानाधिकारी खोजा ने बताया कि सह आरोपी हरिश वैष्णव पुत्र गंगादास वैष्णव निवासी चूने की चौकी, ब्रह्मपुरी जोधपुर को भी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

अन्य सह आरोपी पीयुष दाधीच पुत्र सत्यनारायण निवासी माता का थान गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया। आरोपियों को पकड़ने में एएसआई मदनलाल एवं कांस्टेबल सुरजाराम ने शामिल रहे।

# डॉ. प्रतिभा सिंह ने कायलाना क्षेत्र का निरीक्षण किया

**जोधपुर, (का.सं.)।** संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष, जेडीए डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा बुधवार को कायलाना क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, अधीक्षण अभियन्ता अरविन्द माथुर, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत बीएल चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता राजेश बोडा, प्रदीप हुड्डा एवं संबंधित अभियन्ता मौजूद रहें।

संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष जेडीए डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान कायलाना में प्राधिकरण के प्रस्तावित म्यूजिकल फाउंटेन एवं अन्य विकास कार्यों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई।

जेडीए अध्यक्ष द्वारा कायलाना क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा पूर्व में करवाये गए विकास कार्यों यथा चौपाटी, घाटों के सौन्दर्यकरण, सुदृढ़ीकरण इत्यादि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, विद्युत इत्यादि कार्य को और बेहतर तरीके प्रबंधित करने के आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

जेडीए अध्यक्ष डॉ. सिंह द्वारा कायलाना से सिद्धनाथ जाने वाली रोड का भी निरीक्षण किया गया।

## 45 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किए

**जालोर, (कासं)।** रसद विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 'गिव-अप अभियान' के तहत योजना का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोड़ने वाले अपात्र 45 परिवारों को वसूली के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को स्वैच्छिक रूप से लाभ त्याग करने को लेकर सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'गिव-अप अभियान' के तहत जिले में अब तक 2362 परिवारों के कुल 11122 सदस्यों ने जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया है।अब तक जिले में 268 उपभोक्ता स्वेच्छा से गिव अभियान में विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी पात्रता छोड़ चुके हैं। नाम नहीं हटाने पर यह योजना 28 फरवरी, 2025 तक प्रभावी है। 28 फरवरी तक त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता का राशन कार्ड आधार कार्ड से जुड़ा हो।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

पत्र सं.- 1EL/JU/WC/2024-25 /52 दिनांक: 11.02.2025 डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 06.03.2025 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 06.03.2025 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या : 52 /2024-25 कार्य का विवरण :** Electrical work in connection with (i) replacement of 12 unit Type-II & 2-unit Type-III quarters on condition basis at Barmer (ii) replacement of 12 unit Type-II quarters on condition basis at Balotra (iii) improvement of water supply arrangements by providing RO plants, replacement of old corroded pipeline & U/G water tank at Jalore, Modran & Raniwara. **अनुमानित लागत रूपये : Rs. 6775761.00/- विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें ।**

**180-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# ई-नीलामी कार्यक्रम से भूखंडों की नीलामी शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा जोधपुर शहर के चहूमुखी विकास के लिए विभिन्न विकास कार्य एवं सौन्दर्यकरण कार्य करवाए जा रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जे.डी.ए. आयुक्त उत्साह चौधरी ने प्राधिकरण की आय के स्त्रोत बढाने के लिए भी विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आयुक्त चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण की माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों की ई-नीलामी प्रारम्भ हो चुकी है।

निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार 12 से 24 फरवरी तक विभिन्न योजनाओं के आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्ड सहित कुल 204 भूखण्डों की नीलामी की जाएगी।

चारण ने निर्धारित नीलामी कार्यक्रमकी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों से ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी-अप्रैल 2025 अनुसार विभिन्न योजनाओं के भूखण्डों को क्रय करनेके लिए नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाने के साथ-साथ ऑनलाईन बिड लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डोंके लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि भव्य ई-नीलामी में जेडीए की महत्वकांक्षी मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्ड राजीव गांधी नगर चौखा, गंगा विहार योजना, राज्य कर्मचारी आवासीय योजना ग्राम मोगडा कलां योजना, राजीव गांधी नगर चैखा आवासीय योजना, आनन्द विहार योजना, अरणा विहार योजना, झरणा विहार योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, मण्डोर एफएसएल खसरा नं. 388 ग्राम मण्डोर, मण्डलनाथ आवास योजना एवं विज्ञान नगर योजना के आवासीय भूखण्डों की नीलामी की जाएगी।

इसी प्रकार प्राधिकरण ने उद्योग विहार औद्योगिक योजना, व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चौखा, व्यावसायिक परिवहन नगर आंगणवा/ ट्रांसपोर्ट/ऑटोमोबाईल नगर योजना ग्राम आंगणवा के भूखण्डों तथा विभिन्न योजनाओं यथा राजस्व ग्राम उचियारडा के खसरा नं. 77/4, राजस्व ग्राम बनाड के खसरा नं. 162, 163, 164 व 166, राजस्व ग्राम झालामण्ड आशापूर्णा अनमोल मुख्यमंत्री जन आवास योजना, आदित्य इण्डस्ट्रीयल एस्टेट राजस्व ग्राम सालावास के खसरा नं. 52/4, 52/5, 53/4, 53/5 एवं राजस्व ग्राम भैंसेर कुतडी के खसरा नं. 211/114 273/116 वगैरह एम.एस.एम.ई. योजना के सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों को क्लब हाउस, कम्युनिटी सेन्टर, किंडर गार्टन स्कूल, डिस्पेंसरी इत्यादि प्रयोजनार्थ ई-नीलामी के जरिये विक्रय किया जाएगा। नीलामी का उत्साह भी है।


**न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**

**न्यूक्लियर पावर कारपोरशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम) (ए गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एंटरप्राइज)**

**रावतभाटा राजस्थान साइट रावतभाटा राजस्थान साइट**

**चेतावनी सूचना**

**राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में/जयपुर बैंच**

**डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका संख्या/ 2025**

**गिरफ्तार याचिकाकर्ता** — **एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी**

**बनाम**

**केवेटर/प्रस्तावित प्रतिवादी** — **न्यूक्लियर पावर कॉपारेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और अन्य**

**राजस्थान उच्च न्यायालय के नियम 159 के तहत कैविएट में प्रवेश के लिए आवेदन**

माननीय सदस्यों, कृपया वह स्वीकार करें-

विनम्र आवेदक राजस्थान उच्च न्यायालय नियम के नियम 159 के तहत कैविएट दर्ज करना चाहता है और जब तक मामले में आवेदकों की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी नहीं होने देना चाहता है। रिट याचिका का विवरण, जो दायर होने की संभावना है, नीचे दिया गया है-

रिट याचिका निम्नलिखित में से किसी भी व्यक्ति द्वारा दायर की जा सकती है

एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी रिट याचिका संभवत निम्नलिखित के विरूद्ध दायर की गई है

1. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटड, मुंबई।, 2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), न्यूक्लियर, पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), मुबई।, 3. निदेशक (मानव संसाधन), एमपीसीआईएल,मुम्बई।, 4. साइट निदेशक, एनपीसीआइएल, रावतभाटा साइट, 5. एनपीसीआईएल के निदेशक मंडल

रिट याचिका एनपीसीआईएल के किसी भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी द्वारा एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 (स. एनपीसीआईएल/एचआरपी/45/1/18/2025/25, महाप्रबंधक (एचआरपी), एनपीसीआईएल, मुंबई द्वारा जारी) के अनुसरण में दायर किए जाने की संभावना है। एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 से संबंधित दायर की गई ऐसी किसी भी डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका का हमारे द्वारा विरोध किया जाएगा।

जो याचिका दायर की जाएगी वह रिट याचिका होगी।

एनपीसीआईएल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), एनपीसीआईएल, रावतभाटा द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित बकालतनामा यहां प्रस्तुत किया गया है।

अतः विनम्र निवेदन है कि आवेदन की सुनवाई होने तक मामले में कुछ भी न किया जाए।

दिनांक-12.02.2025

जोधपुर/जयपुर

**विनम्र आवेदक के माध्यम से**

**ललित परिहार (एडवोकेट)**

**मोबाइल नं. 9571176368**

CBC 48157/12/0001/2425

# फाइनेंस कर्मी से 36 लाख लूट मामले में तिहाड़ जेल से दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है



36 लाख की नगदी लूट के मामले में दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा इलाके में फाइनेंस कर्मचारी से 36 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस टीम ने तिहाड़ जेल रोहिणी दिल्ली से प्रोडेक्शन वारंट पर दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया। पुलिस इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं, जिसमे से दो आरोपियों को पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि गुमानपुरा ईलाके के टीचर्स कॉलोनी मे फाइनेंस कर्मचारी से 36 लाख लूट के मामले मे वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए तिहाड़ जेल रोहिणी दिल्ली से प्रोडेक्शन वारंट पर रामा विहार नई दिल्ली निवासी राहुल गुप्ता उर्फ नकटा (34) एवं कमलजीत उर्फ तोती (33) को बापर्दा गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से मामले में अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। शहर एसपी ने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम ने पूर्व में दो आरोपी संजीव चौपड़ा उर्फ शेरा व अमित भाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 25 नवम्बर 2011 को टीचर्स कॉलोनी निवासी फरियादी ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी थी।

- आरोपियों में से कुछ ने पुलिस की वर्दी पहनकर वारदात को अंजाम दिया था

फरियादी ने शिकायत में कहा था कि वह कोटा में किराये से रहता है उसके पास तीन लोग आये जिसमें से दो जनों से पुलिस वर्दी पहन रखी थी और उससे कहा कि ड्रग्स बेचता है और उसके कमरे की तलाशी ली तो अलमारी में रखे काले रंग का बैग जिसमें 36 लाख रूपये थे। उस बैग और मुझे कार में ले गये और रावतभाटा रोड पर फोरलेन के पास उतार दिया और पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले में कार्रवाई करते हुए पूर्व में पुलिस की वर्दी पहन कर वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को प्रोडेक्शन वारंट पर तिहाड़ जेल से बापर्दा गिरफ्तार किया है।

# 12 हजार रुपए भरण-पोषण देने का आदेश

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या-3 के पीठासीन अधिकारी दलपतसिंह राजपुरोहित ने एक बीएड डिग्रीधारी महिला को उसके 12वीं पास पति से गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस संबंध में महिला और उसकी दोनों बच्चों को मासिक 12 हजार रुपए भरण- पोषण देने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार वेणु पंवार (42) ने न्यायमित्र हेमंत बावेजा के माध्यम से कोर्ट में मुकदमा दायर किया। इसमें बताया कि वर्ष 2013 में उसकी शादी बागर चौक निवासी महेन्द्र सिंह सांखला के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। इससे उसके 2 बच्चों का जन्म हुआ। इसके बाद से ही उसे कम दहेज लाने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। वहीं, पति महेंद्र कुमार (52) ने सभी आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि वह 12वीं पास है। वह पूर्ण स्वस्थ व हष्ट-पुष्ट होने के बावजूद बेरोजगार है, जबकि, उसकी पत्नी व्यवसायिक डिग्री बीएड शिक्षित होकर महीने की आय प्राप्त कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने पति की दलीलों को खारिज करते हुए आदेश दिया कि अप्रार्थी का पत्नी व नाबालिग बच्चों को अपने आर्थिक व सामाजिक स्तर के अनुरूप भरण पोषण करे। इसके साथ ही कोर्ट ने वर्तमान समय में महंगाई सूचकांक, जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान कराने का पत्नी के पक्ष में निर्णय दिया।


**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

**विज्ञप्ति** दिनांक-10.02.2025

आयोग के वि.सं. 18/2024-25 दिनांक 22.10.2024 द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य की Nuchlear Medicine एवं Endocrinology विशिष्टताओं के क्रमशः 01 एवं 03 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। विभाग द्वारा पदों की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि किये जाने के फलस्वरूप उक्त पदों हेतु दिनांक 12.02.2025 से दिनांक 21.02.2025 को रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र पुन आमंत्रित किये जात है। इसके पश्चात लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया, विभाग सेप्राप्त संशोधित वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य सूचना के संबंध में अभ्यर्थी आयोग की वेब-साईट पर जारी शुद्धि पत्र संख्या 20/2024-25 का अवलोकन कर सकते हैं।

DIPR/C/1914/2025 (रामनिवास मेहता) सचिव

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**

**सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा जिला राजसमन्द राजस्थान**

क्रमांक : 14 **निविदा सूचना संख्या 12/2024-25** दिनांक : 05.02.2025

**NIB : PWD2425A4051**

नवीन सड़को एवं भवनों के निर्माण कार्य हेतु ईच्छुक संवेदको से निविदा दिनांक 20.02.2025 सायं 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में अन्य विवरण उपापन वेबसाईट (http://www.eproc.rajasthan.gov.in और http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल अनुमानित राशि 137.00 लाख रुपया है।

| S.No.of Work | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB14535 |
| 2 | PWD2425WSOB14536 |

(भानु प्रकाश माथुर) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा

DIPR/C/1670/2025

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- अ.अ./विद्युत-II/राजकाज 13523021 दिनांक :- 11/02/2025

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत-II/09/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से मुहरबंद निविदाएं आंमत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB CODE :- JOD2425A0167**

**UBN/TENDER ID :- JOD2425WSOB00370, JOD2425WSOB00371**

**कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत – रूपये 47,79,326/–**

राज.संवाद/सी/24/11547 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-II)

**कार्यालय नगरपालिका, आहोर (जिला–जालोर)**

(हॉस्पीटल चौराहा, रेल्वे स्टेशन रोड़, जालोर–343001)

क्रमांकः/नपाआहोर/विकास/2024–25/3125 दिनांकः 11.02.2025

**:: निविदा सूचना संख्या 13/2024–25 ::**

नगरपालिका, आहोर में विधायक स्थानीय विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु राजस्थान के विभिन्न विभागों/निगमो/स्वायत्तशासी संस्था/बोर्डो/राजकीय उपकमों में AA एवं A श्रेणी में पंजीकृत तथा स्वायत्त शासन राजस्थान के अधीन विभागों/संस्थानों नगर पालिका/परिषद/निगम व बोर्डो में निर्धारित श्रेणी में निविदा जारी होने की दिनांक को पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त संवेदकों से निर्धारित शर्तो के अनुसार ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त ई–निविदा https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी तथा डाउनलोड की जा सकती है।

**NIB CODE – DLB2425A5523**

**UBN CODE – DLB2425WSOB16736**

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, आहोर

राज.संवाद/सी/24/11542

राजस्थान–सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान,**

आबकारी भवन, 2–गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर–313001

कमांक F.32(B)(1)(After Policy-2025-26)EX/L/2025-04359-6914704-Part File(2)/1496 दिनांक 12.02.2025

**कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2024–25 के अनुज्ञाधारियों को वर्ष 2025–26 के लिये अनुज्ञापत्र नवीनीकरण के लिये आवेदन (विकल्प, प्रस्तुत करने की नियत तिथि को बढाई जाने की सूचना**

इस कार्यालय की समसंख्यक विज्ञप्ति कमांक 1480 दिनांक 03.02.2025 के सन्दर्भ में राज्य के कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2024–25 के समस्त अनुज्ञाधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 के लिए अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण के लिए पात्र एवं इच्छुक अनुज्ञाधारी अपना नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) पत्र मय निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ **दिनांक 15.02.2025 तक संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय** में प्रस्तुत किये जा सकेगें। **दिनांक 15.02.2025 तक** नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) प्राप्त नही होने पर अनुज्ञाधारी का नवीनीकरण करवाने का विकल्प समाप्त हो जायेगा तथा दुकान/समूह (Cluster) का आवंटन ई–नीलामी/ई–निविदा द्वारा किया जाएगा।

वर्ष 2025–26 हेतु अनुज्ञापत्र नवीनीकरण से संबंधित समस्त जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट https://excise.rajasthan.gov.in का अवलोकन करे।

**अन्य सभी शर्ते पूर्वानुसार यथावत रहेगी।**

आबकारी आयुक्त,राजस्थान

**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी (ML Bajri 04) /2025/ई-10076

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आवंटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | प्लॉट्स की संख्या |
|---|---|---|---|
| पाली | रोहट | कुलथाना व घींगाणा | 1 |
| | | कलाली | 1 |
| | | भूरियासनी | 1 |
| | | राखाणा व घींगाणा | 1 |
| | | चाटेलांव व जेतपुर | 1 |
| | | चाटेलांव, जेतपुर गढवाडा | 1 |
| | | जेतपुर व गढवाडा | 2 |
| | | गढवाडा | 1 |
| | | गढवाडा व घोलेरिया जागीर | 1 |
| अजमेर | भिनाय | खेडी व गुढा खुर्द | 1 |
| | | देवलिया कला | 4 |
| | | योग | 15 |

**विशेष नोट-** 1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthn.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/1618/2025 (भगवती प्रसाद) IAS, निदेशक

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा**

पता-व्यास सर्किल के पास, सदरपुरा रोड जलदाय विभाग केम्पस, मालपुरा जिला टोंक

Mobile No. 8279108410 E-mail ID- eemal.ton.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./माल./2024-25/4285-98 दिनांक-05.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 109 से 119/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड मालपुरा के अधीन विभिन्न क्षेत्रों में कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वा.अभि.विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्यसरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित पपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत ऑन लाइन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑन लाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से निम्न विवरण में अंकित अनुसार अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर जा कराये जा सकते है। निर्धारित तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है। तो उसके अगले कार्यदिवस में उसी समय परतकनीकी बिड खोली जाएगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की लागत कम व अधिक की जा सकती है।

विस्तृत विवरण ऑन लाइनवेबसाईट http://dipr.rajasthn.gov.in/tenders.asp.sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवदकों का अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाया आवश्यक है उक्त निविदाओं का वेबसाइट sppp.rajsthan.gov.in पर यूनिक बिड नं. निम्नानुसार है

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 05.02.2025 से 19.02.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | 05.02.2025 से 19.02.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 20.02.2025 को प्रात 11.00 बजे |

| S.NO. | Nit No. | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | 109/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09198 |
| 2 | 110/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09199 |
| 3 | 111/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09200 |
| 4 | 112/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09201 |
| 5 | 113/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09202 |
| 6 | 114/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09203 |
| 7 | 115/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09204 |
| 8 | 116/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09205 |
| 9 | 117/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09206 |
| 10 | 118/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09207 |
| 11 | 119/2024-25 | PHE2425A4297 | PHE2425WSOB09209 |

अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा

DIPR/C/1627/2025


# लापता छात्रा का कुण्ड में तैरता मिला शव

## परिजनों ने हत्या करने अथवा आत्महत्या के लिये उकसाने का अंदेशा जताया

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह कस्बे के हरि सागर कुण्ड में बुधवार को एक किशोरी का लावारिस शव संदिग्ध परिस्थितियों में तैरता मिला। ग्रामीणों के सहयोग से शव को पुलिस ने बाहर निकाल पुलिस सुरक्षा में लिया। शव की पहचान लाम्बाहरिसिंह कस्बा निवासी प्रिया पुत्री सुरेश जांगिड़ के रूप मे की गई, जो कि रविवार की शाम से ही घर से निकली थी। परिजनों ने प्रिया की हत्या या फिर आत्महत्या करने के लिये उकसाने का अंदेशा जता नामजद रिपोर्ट देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर शव लेने से इंकार कर दिया।

मृतक प्रिया के पिता सुरेश कुमार जांगिड की और से थाना पुलिस को दी जानकारी मे बताया कि उसकी बेटी प्रिया जो कि राजकीय बालिका विद्यालय में कक्षा 10 में पढ़ती थी। डेठाणी गांव निवासी एक युवक उसकी पत्नी के मोबाइल पर बने प्रिया के इंस्टाग्राम पर चैटिंग कर आये दिन परेशान करता था। स्कूल जाने व आने के दौरान भी उसे परेशान करता था, जिससे वो तनाव में थी। रविवार को वो अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक काम से बाहर गया हुआ था। शाम को लोटा तो उसके परिवारजनों ने बताया कि प्रिया शाम से ही घर पर नहीं है। जगह-जगह तलाश की गई, लेकिन प्रिया का कोई सुराग नहीं मिला। प्रिया के पास मोबाइल भी नहीं था। बुधवार की दोपहर बाद जरिये दूरभाष के ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि हरिसागर कुण्ड में एक किशोरी का शव मिला है। सूचना पर वो मौके पर पहुंच शव को देखा तो वो शव उसकी बेटी प्रिया का ही था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये शव को पुलिस सुरक्षा मे ले मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां परिजनों की मांग पर पुलिस वृत्ताधिकारी आशीष प्रजापत व थानाधिकारी राजकुमार की मौजूदगी मे मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बुधवार की शाम साढे सात बजे तक शव अस्पताल के मुर्दाघर में पुलिस सुरक्षा में रखा हुआ था। छात्रा प्रिया के पिता ने डेठाणी निवासी युवक के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दे उसकी बेटी प्रिया की हत्या कर शव पानी मे फैंक देने अथवा प्रिया को आत्महत्या के लिये उकसाने का अंदेशा जताते हुये शव लेने से इंकार कर दिया। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की सूचना पर जांगिड़ समाज के प्रबुद्धजन सहित बडी संख्या में लोगों ने अस्पताल पहुंच पुलिस वृत्ताधिकारी से मिलकर मामले में निष्पक्ष व त्वरित कार्यवाही व जांच कर दोषी की गिरफ्तारी की मांग की।

डीएसपी ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के विसरा एफएसएल टीम को भेजने तथा मामले मे अनुसंधान अधिकारी से निष्पक्ष जांच करवाने का विश्वास दिलाते हुये शव उठाने की समझाइश की, लेकिन परिजन व समाज बंधुओं ने शव लेने से इंकार कर दिया।

# नशे में उपयोग होने वाली टैबलेट्स बरामद

**पाली, (नि.सं.)।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री व पुलिस अधीक्षक पाली के नशे के विरूद्ध अभियान के अन्तर्गत एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के निर्देशन में बुधवार को नशे के उपयोग में ली जाने वाली टैबलेट्स बरामद की।कार्यालय जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पाली के सहायक औषधि नियंत्रक भरत गोस्वामी ने बताया केवलचन्द्र पुत्र कुम्भाराम निवासी कुम्हारों का वास, ग्राम केलवाद सोजत जिला पाली के रहवासीय मकान से नशे मे उपयोग होने वाली गैर एनडीपीएस घटक की पांच हजार टैबलेट्स बरामद की गयी।

# रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**झालावाड़, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की झालावाड़ चौकी द्वारा रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड़ को परिवादी से चार हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि ए.सी.बी. की झालावाड़ चौकी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि, प्रार्थी पिछले 10 साल से चारागाह भूमि पर खेती करता आ रहा है, जो करीब 2.5 बीघा है, जिसका सरकार की तरफ से जुर्माना आता था, जिसको प्रार्थी समय पर जमा करवा देता था।

पिछले दो साल से जमीन का जुर्माना आना बन्द हो गया, तो परिवादी पिण्डोला हल्का के पटवारी रामनिवास से मिला तो उसने जुर्माना चालू करने की एवज में पांच हजार रूपये रिश्वत मांग कर एक हजार रूपये पूर्व में प्राप्त किये तथा चार हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

इस पर 11 फरवरी को रिश्वत मांग का सत्यापन करवाये जाने पर परिवादी से आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना प्रमाणित पाया गया। जिस पर 12 फरवरी को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर ए.सी.बी. कोटा रेंज कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस शिवराज मीना के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झालावाड़ चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीना द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपी रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड़ को परिवादी से 4,000 रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# मदिरा दुकानों के बंदोबस्त में अभूतपूर्व सफलता

## प्रदेश में वर्षों बाद फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह में ही मदिरा दुकानों के नवीनीकरण का 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है

- प्रदेश में आबकारी नीति के तहत प्रदेश में पुरानी मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के तहत क्रमशः जालौर, बांसवाड़ा, टोंक, राजसमन्द, बहरोड़, धौलपुर, पाली जिले अव्वल रहे

**उदयपुर, (निसं)।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशन में अनुज्ञाधारियों के विश्वास व उत्साह को कायम रखते हुए मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता, सुगमता व सरलीकरण के साथ करते हुए अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की गई है। प्रदेश में वर्षों बाद फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह में ही मदिरा दुकानों के नवीनीकरण का 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

आबकारी आयुक्त के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत पुरानी मदिरा की दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत प्रदेश में 7665 मदिरा दुकानों में से 6500 दुकानों के नवीनीकरण के साथ 85 प्रतिशत लक्ष्य बुधवार सांय सात बजे तक प्राप्त कर लिया गया है। यह आंकड़ा रात्रि 12 बजे तक 90 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। इसी क्रम में फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में ही दुकानों के बंदोबस्त में अभूतपूर्व सफलता मिली है जो कि बीते कई वर्षों से अधिक है। मदिरा दुकानों के सफलतापूर्वक हुए बंदोबस्त से राजस्व लक्ष्यों की वांछित पूर्ति हो सकेगी साथ ही अनुज्ञाधारियों, निर्माता व आपूर्तिकर्ताओं को भी लाभ होगा।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी आयुक्त निर्देशानुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत नवीनीकरण से शेष रही मदिरा दुकानों का बंदोबस्त अथवा सेटलमेन्ट भी फरवरी माह में नियमानुसार कर लिया जाएगा। उन्होंने अनुज्ञाधारियों को नियत समय में मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के लिए बधाई देते हुए आबकारी नीति के अनुरूप दुकानों के संचालन की बात कही। आबकारी आयुक्त ने प्रदेश के समस्त जोन के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आबकारी नीति की पालना के साथ समस्त अनुज्ञाधारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें। प्रदेश में आबकारी नीति के तहत प्रदेश में पुरानी मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के तहत क्रमशः जालौर, बांसवाड़ा, टोंक, राजसमन्द, बहरोड़, धौलपुर, पाली जिले अव्वल रहे।

# भीलवाड़ा में "विधायक आपके वार्ड" अभियान की शुरुआत



विधायक द्वारा वार्ड नम्बर 59 में बैठक कर "विधायक आपके वार्ड" का शुभारंभ किया गया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर विधायक अशोक कोठारी निरंतर जनता से कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए नजर आ रहे हैं। तो कभी जनसंवाद तो कभी नए-नए नवाचार करके जनता की समस्या का समाधान कर रहे हैं। विधायक द्वारा एक नवाचार का शुभारंभ वार्ड नम्बर 59 में बैठक कर "विधायक आपके वार्ड" का किया गया।

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या का समाधान करने के लिए एक नया नवाचार किया है। इस अभियान का नाम "विधायक आपके वार्ड" है। निरंतर हर वार्ड के लोगों के साथ बैठक कर समस्या सुनेंगे और अतिशीघ्र समस्या का समाधान करवाएंगे। विधायक आपके वार्ड अभियान के तहत प्रदेश व केंद्र सरकार की जनहित योजना की उपलब्धियां गिनाते हुए जनता की समस्याएं सुनी। कोठारी ने युवाओं से नवाचार को बढ़ावा देने तथा नए शोध करने का आग्रह किया। वार्ड संख्या 59 में बैठक कर आमजन की समस्या सुनी, विधायक कोठारी ने जनता के हर विषयों को पूरा सुना, समझा व विधायक स्तर के सभी कार्य यूआईटी व विधायक कोष के माध्यम से करवाने का भरोसा दिलाया। साथ ही नगर निगम कार्य हेतु, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली को जिम्मेदारी दी, निगम के कार्य निगम द्वारा करवाकर जनता को शीघ्र राहत प्रदान करें। इस दौरान विधायक के साथ आनंद चपलोत, शम्भू वैष्णव, बाबूलाल टाक, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल कोठारी के साथ ही वार्ड के कैलाश गग्गड, देवीलाल माली, कन्हैयालाल तेली, राकेश कसारा, सुरेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली, बुद्धिप्रकाश आदि मौजूद थे।

# जंगल में लगी भीषण आग, 500 हैक्टेयर एरिया में फैली

## विराटनगर के छितोली, लुहाकना, बाणयावास तन जंगल में आग लगी

- कई जंगली जानवर भी आग की चपेट में आ गए, विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया
- पहाड़ी पर दलकम नहीं पहुंचने से पारम्परिक तरीके से आग बुझाने का प्रयास किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर के छितोली, लुहाकना, बाणयावास, गोगेरा एवं भैरू जी का मंदिर के आस-पास जंगल और पहाड़ी पर आग लगने से हड़कंप मच गया। बुधवार सुबह अचानक आग लगने से आसमान में चारों तरफ धुंआ ही धुंआ हो गया। लोगों ने आग लगने की सूचना वन विभाग और दमकल को दी। सूचना मिलते ही शाहपुरा, विराटनगर, पावटा से दमकल की गाड़ियां और वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों व पानी के टैंकरों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। वहीं, पहाड़ी पर दमकल नहीं पहुंचने की वजह से वन विभाग के कर्मचारियों ने पारंपरिक तरीके से आग बुझाने का प्रयास किया।

भारतीय किसान संघ जिला सहमंत्री भगवत, कांग्रेस नेता दौलत सिंह, प्रहलाद भगत, गोकुल मीना, नरपत सिंह ने बताया कि पावटा के फायर इंचार्ज प्रकाश सिंह शेखावत, विकास, सतवीर ने अपने टीम के साथ बहुत विकट रास्ते में गाड़ी ले जाकर आग बुझाने का सराहनीय प्रयास किया। इस दौरान हवा के साथ आग लगातार जंगल में आगे पहाड़ी की ओर बढ़ती गई।

आग से 500 हैक्टेयर तक पहाड़ी और जंगल में पेड़-पौधे और वनस्पति जलकर राख हो गए। वहीं, कई जंगली जानवर भी आग की चपेट में आ गए। विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों के सहयोग से 3 से 4 घंटे में आग पर काबू पाया। वन इलाके क्षेत्र में आग से बड़ी संख्या में पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। वन विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जंगल और आसपास में जलती हुई बीड़ी-सिगरेट नहीं फेंके. इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।


**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./सफाई शाखा/2024–25/13444787 दिनांक :– 06.02.2025

**ई–निविदा सूचना 109 वर्ष 2024–25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा कार्य की निविदा आईडी नम्बर **DLB2425A5482** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

**UBN Code :- DLB2425SLOB16628, DLB2425SLOB16629**

राज.संवाद/सी/24/11554 आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

# उत्साह चौधरी ने बकाया प्रकरणों सहित कार्यों पर चर्चा की



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने उच्च अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बुधवार को प्राधिकरण के उच्च अधिकारीगण की समीक्षात्मक बैठक ली। बैठक में सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपायुक्तगण मुकेश बारेठ, जयपाल सिंह राठौड, रामजी भाई कलबी, दिनेश कुमार मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेकश वित्त मंजीत चारण, तहसीलदारगण, अभियन्तागण एवं प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, विधानसभा, सार्वजनिक भूमि संरक्षण समिति के बकाया प्रकरणों, सीएमओ व पीएमओ एवं जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों जानकारी प्राप्त करते हुए प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त द्वारा प्रभारी अधिकारी को प्रकरणों में ध्रुत गति से कार्यवाही करने एवं लम्बित प्रकरणों को समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में आयुक्त चौधरी ने प्राधिकरण की विभिन्न ऑनलाईन सेवाओं ९० ए, भवन निर्माण स्वीकृति, अरबन सर्विसेज यथा नाम हस्तान्तरण, प्रोपर्टी आईडी जनरेशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के जोनवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारी को प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कर जीरो पेंडेंसी रखने एवं राजकाज पर ई-फाईलिंग के अन्तर्गत लम्बित पत्रावलियों को भी यथा समय निस्तारित कर एवरेज डिस्पोजल टाईम को न्यूनतम रखने वे दिशा-निर्देश दिए।

## मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी(कलैक्टर) डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए मतदान दिवस 14 फरवरी को संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। चितलवाना पंचायत समिति की जानवी ग्राम पंचायत के वार्ड सं. 1 से 11 तक, केसूरी के वार्ड सं. 1 से 9 तक, खासरवी के वार्ड सं. 5 से 9 तक व सूंथड़ी ग्राम पंचायत के वार्ड सं. 6 से 9 तक तथा बागोड़ा पंचायत समिति की लाखनी में सरपंच पद के लिए सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र में उप चुनाव के लिए 14 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।



राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के महाकुंभ-2025, प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद जालोर आगमन पर, सर्किट हाउस में एस.टी. मोर्चा के जिला महामंत्री, मनोहर राणा, मदन ललित जोगाराम जेठाराम ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# चिकित्सक डॉ. मुरारीलाल मीणा को दी श्रद्धांजलि



डॉ.मुरारीलाल मीणा आयुर्वेद चिकित्सक उम्मेदाबाद को श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। स्थानीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में गत दिनों आगजनी के शिकार उम्मेदाबाद के आयुर्वेद चिकित्सक मुरारीलाल मीणा को जिले के सभी आयुर्वेद चिकित्सकों ने श्रद्धांजलि दी।

डॉ. नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि राजस्थान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की और से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दिवंगत चिकित्सक के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ.दिनेश जोशी, सहायक निदेशक डॉ. कैलाश कुमार के साथ जिले के सभी चिकित्सक उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक महर्षि ने जनसुनवाई की

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय भाजपा कार्यालय पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने जनसुनवाई में पहुंचे। महर्षि ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान रतनगढ शहर एवं गांवों में जलसप्लाई को सुदृढ करने, विद्युत आपूर्ति, सडकों की मरम्मत/नवीनीकरण, चिकित्सा, शिक्षा सहित, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में शहर वासियों एवं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की ,जिस पर पूर्व विधायक महर्षि ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान जनसुनवाई में शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, राकेश शर्मा (आईस) संतोष तालणियां, सलीम खान, हनीफ खत्री, नदीम चेजारा, सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

# अभिभाषक संघ जालोर ने ए.डी.एम. को मांगें बताई



जालोर अभिभाषक संघ ने अधिवक्ताओं के हितों व अधिकारों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ए.डी.एम. राजेश मेवाडा को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के आव्हान पर अभिभाषक संघ जालोर की ओर से बुधवार को राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाडा को अधिवक्ता हितों और अधिकारों के लिए ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया कि देशभर की अदालतों में अधिवक्ताओं द्वारा पीडितों को न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन अधिवक्ताओं को ना तो मासिक आय मिलती है और ना ही वृद्ध अधिवक्ताओं को पेंशन मिलती है। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के आव्हान पर दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं को बीस लाख का बीमा कवर तथा फ्री मेडिक्लेम देने, नये एवं युवा अधिवक्ताओं को पांच वर्ष तक दस हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड देने और वृद्ध अधिवक्ताओं को पेंशन देने की मांग की। साथ केंद्र सरकार से इन मांगों पर कानून बनाने की भी मांग की।

अभिभाषक संघ जालोर उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण कुमार भादरू, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश राठौर, सह सचिव तुलसीराम पुरोहित, सह कोषाध्यक्ष तारीफ अली, एडवोकेट गुणेश सिंह राजपुरोहित, मुमताज अली सैयद, संतोष भारती, सुरेश राव, महिपालसिंह भाटी, विक्रमसिंह चौहान, भूरसिंह देवकी, नवीन गेहलोत, प्रवीण घांची, प्रवीण कुमार, गणपतसिंह नोरवा, फारूक कुरैशी, गोवर्धन सिंह, विक्रम सिंह गोविंदला, डूंगर देवासी, श्रवणसिंह सिसोदिया, चन्दनमल, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## नवकार धाम व मठ में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बोरानाडा स्थित नवकार धाम और एक मठ में अज्ञात चोरों ने सैंध लगाकर वहां सामान और नगदी चुरा ले गए। संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि नवकार धाम के लाभरूचि की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इनके अनुसार नवकार धाम में अज्ञात चोरों ने सैंध लगाकर वहां से सामान चोरी कर ले गए। दूसरी तरफ परिहारों की ढाणी लुणावास झंवर के महंत आसु भारती की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि दइकड़ा गांव में बने मठ से अज्ञात दान पेटी को चुरा ले गए।

# अवैध बजरी खनन पर 6 ट्रैक्टर मय ट्रॉली जब्त



भीनमाल पुलिस ने अवैध खनन बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिलें के भीनमाल पुलिस ने बुधवार को अवैध बजरी खनन के मामले में छह ट्रैक्टर मय ट्रॉली जब्त किया।

जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थ/शराब तस्करी/अवैध बजरी खनन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जालोर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में जिले में अवैध बजरी खनन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही के तहत एएसपी मोटाराम गोदारा,पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में भीनमाल वृताधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में एसआई गनी मोहम्मद मय पुलिस जाब्ता के द्वारा बुधवार को अवैध बजरी खनन की रोकथाम हेतु हल्का गश्त के दौरान सरहद दासपां में छह ट्रैक्टर मय ट्रॉली अवैध बजरी से भरी हुई आ रही थी। ट्रैक्टठर चालकों ने पुलिस वाहन को देखकर उक्त ट्रैक्टर चालक गण बीच रास्तें में ट्रैक्टर मय बजरी से भरी हुई ट्रॉलीयों को छोडकर भागने लगे जिनका पीछा किया गया। मगर वे लोग झाडियों में भाग गये। जिस पर पुलिस जाब्ता द्वारा ०6 ट्रैक्टर अवैध खनन बजरी से भरी हुई 06 ट्रॉलियों को जब्त किया गया एवं चालकों के विरूद्ध अवैध बजरी खनन के प्रकरण दर्ज किये गये।

## नगर परिक्रमा एवं शोभा यात्रा के साथ किया माघ पूजन

**भीनमाल,( निसं )।** राजस्थान ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष के महाकवि माघ की जन्म जयंती के उपलक्ष में दो दिवसीय समारोह के तहत बुधवार को स्थानीय माघ चौक पर महाकवि माघ का पूजन अर्चन कर वक्ताओं ने माघ के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

इस वर्ष महाकवि माघ जयंती समारोह कार्यक्रम के समन्वयक जबराराम भाटी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर, महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल, अम्बिका शिक्षा समिति, विप्र फाउण्डेशन, स्थानीय प्रशासन व नगरपालिका मण्डल के संयुक्त तत्वावधान तथा नगरवासियों के सहयोग से आयोजित महा कवि माघ जयन्ती पर बुधवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बुधवार को सुबह विश्व कल्याणार्थ मेधा वृधि महायज्ञ का आयोजन किया गया। स्थानीय माघ चौक पर नगर परि मा व भव्य शोभायात्रा के तहत नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें महा कवि माघ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ चढ कर भाग लिया। माघ पूजन के समय कार्यवाहक उप खंड अधिकारी नीरजकुमारी, जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावत, समन्वयक जबराराम भाटी, प्रेमाराम बंजारा, जयरूपा राम माली, माणकमल भंडारी, डॉ घनश्याम व्यास, दिनेश दवे नवीन, जब्बार खां कादरी, मुकेश सोलंकी सहित कई लोगों ने भी भाग लिया। माघ महापूजन के पश्चात माघ की प्रासंगिकता पर संगोष्ठी में कुमारी आरजू सेठ द्वारा महा कवि माघ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ नागरिकों के अभिनंदन समारोह में कई लोगों का सम्मान किया गया। सूर्य नमस्कार भारत स्वाभिमान के कार्यक्रम में योग शिक्षक जेठाराम आचार्य द्वारा सूर्य नमस्कार कराया गया। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम व श्रमदान के तहत भी नगरवासियों ने भाग लिया। इससे पूर्व मंगलवार की शाम को महा कवि माघ जयन्ती पर विशेष आयोजन के तहत श्रीमाल पूजन के तहत भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता के लिए माणकमल भंडारी, बी के गीता बहन तथा एडवोकेट हेमलता जैन ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

# अपराधियों के खिलाफ सख्ती

**जोधपुर**, (कासं)। शहर पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार आयुक्तालय जोधपुर में मंगलवार रात को एक विशेष अभियान चलाया गया। आदतन अपराधियों (हिस्ट्रीशीटर) व हार्डकोर अपराधियों को चैक कर उनकी वस्तु स्थिति की जानकारी ली। साथ ही राजकोप ऐप पर संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान किया।

पुलिस आयुक्त के निर्देशों की पालना में वृत अधिकारियों ने थानाधिकारियों एवं पुलिस बल को इस अभियान के संबंध में ब्रीफ कर टीमें बनाकर रवाना किया। अभियान के तहत लगभग 167 आदतन अपराधियों (हिस्ट्रीशीटर) व 27 हार्डकोर अपराधियों को चैक किया गया। चैकिंग के दौरान उनके व्यवसाय, आजीविका, घर-परिवार, सदस्यों के बारे में तथा वर्तमान गतिविधियों की जानकारी एवं कार्यों के बारे में पूछताछ नोट तैयार किया गया। गैर कानूनी गतिविधियों, अवैध धंधे नहीं करने की हिदायत दी गई तथा पाबंद किया कि बीट कांस्टेबल को समय पर उपस्थिति दर्ज करवाए। हिस्ट्रीशीटर के गैरकानूनी या अवैध गतिविधि में सक्रिय होने की आशंका पर बीट कांस्टेबल को निरंतर निगरानी हेतु पाबंद किया गया। रात्रिकालीन गश्त में 295 संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की गई। राजकोप ऐप पर कुल 163 संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ 57 संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा बी भरा तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 वाहन चालकों का 185 एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त दस बंपर लगे, दो बिना नंबरी, चार काला शीशा लगे, खतरनाक तरीके वाहन चलाने वाले तीन चालकों, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले छह चालकों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## दुर्घटना दावा का चैक वितरण

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर भटाना। राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा भटाना ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, एसबीई जनरल व्यक्तिगत दुर्घटना दावा योजना के तहत 10 लाख एवं प्रधानमन्त्री सडक दुर्घटना के तहत 2 लाख रुपए का दावा चंदा देवी सेन की आकस्मित मृत्यु हो जाने पर उनके वारिसदार पति मांगीलाल सैन निवासी भटाना चेक दिया गया।

क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश पुरोहित के निर्देशानुसार उज्ज्वल परिहार,ने वारिसदार को चेक दिया। शाखा प्रबंधक ब्रिजेश कुमार चौधरी, सहायक अधिकारी हेमंत राठौड, सरपंच भवानी सिंह देवडा,ह्यड्डद्ध जनरल की तरफ दीपक कुमार, एफ एल सी नरेंद्र दाना,वारिसदार मांगीलाल सैन, बीसी विक्रम सिंह, संगीता कुमारी, दिनेश कुमार, रूपा राम बैंक हेल्पर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बैठक 18 को

**जालोर**, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 32वीं बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 18 फरवरी को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।

# मालवाड़ा में रात्रि चौपाल आयोजित



जालोर के निकट मालवाडा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के . गावंडे ने ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, ( कासं )।** जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को रानीवाड़ा उपखण्ड के मालवाड़ा ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने कहा कि रात्रि चौपाल के दौरान प्रस्तुत की समस्याओं का प्रशासन द्वारा शीघ्र ही समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्युत समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही राजपुरा में 132 केवी जीएसएस प्रारंभ हो जाएगा तथा राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के अंतर्गत करड़ा में 220 केवी जीएसएस भी स्वीकृति किया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांगजन पेंशनर्स वार्षिक सत्यापन करवाए जाने की बात कही। पूर्व विधायक ने जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने की बात कही। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार, तहसीलदार हनवंतसिंह सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने पुलिस थाना रानीवाड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा -जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को सायंकाल पुलिस थाना रानीवाड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस थाना रानीवाड़ा में जिला कलक्टर को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने पुलिस थाना में स्वागत कक्ष, मैस, कार्यालय रिकॉर्ड सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार, पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इंदा, तहसीलदार हनवंतसिंह व थानाधिकारी दीपसिंह चौहान सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

वहीं राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 13 फरवरी को प्रात: 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक अथवा जनसुनवाई पूर्ण होने तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर गुरूवार को आयोजित होने वाले शिविर में आमजन की परिवेदनाओं व समसयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जायेगा।

# आहोर में रविदास महाराज का जन्मोत्सव मनाया

**आहोर**, (निसं)। आहोर शहर में मेघवाल समाज की ओर से धार्मिक क्रांति विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में महापुरुष सत्गुरु संत रविदास महाराज के छह सौ अडतालीस वा जन्मोत्सव जयंती समारोहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में अधिथियों द्वारा सत्गुरु संत रविदास महाराज के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस पी सी सी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि महापुरुष संत रविदास महाराज ने क्रांतिकारी समाज में समानता और न्याय आध्यात्मिक ज्ञान ही जीवन के सच्चे अर्थ को समझने के लिए एक ऐसा संदेश दिया था कि जात पात पुछे ना कोई हरि का सो हरि का होई मन चंगा तो कठौती में गंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल ने कहा कि हमें राष्ट महापुरुष मेघश्रषियो ने कई क्रांतिकारी जैसे समाज के शुरवीर महारत्नो की प्रेरणा को लेकर समाज उत्थान के लिए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम में संत रविदास सेवा समिति महासचिव गमनाराम ने कहा कि सभी समाज बंधुओं को महापुरुष मेघ ऋषियों विचारों पर चलकर अहिंसा एवं सत्य दोनों को अपनाकर सामाजिक क्षेत्र में एकता दिखाने के लिए समाजबंधुओं को एकजुट होकर समाज सुधारक का कार्य करने पर समाज का नाम रोशन करना चाहिए ।

कार्यक्रम में समाज सेवी हिरालाल जीनगर ने कहा कि महापुरुष सतगुरु संत रविदास महाराज ने आस्था और निष्ठा का जीवन व्यतीत किया उन्होंने जाती ओर धर्म का भेदवाव किए बीना मानवता के प्रति अपने को समर्पित किए। कार्य म में समाज सेवी कुपाराम नोरवा ने कहा कि ऋषियों के ऋषि महापुरुष संत रविदास महाराज ने एक संदेश दिया था। शिक्षा क्षैत्र में हर ओर फैले शिक्षा का उजियारा शिक्षा वो शेरनी का दूध है,जो इसे पियेगा वो शेर की तरह दहाडेगा।

इस मौके पर संत रविदास सेवा समिति ब्लॉक अध्यक्ष उदयराज मेघवाल ने महापुरुष संत रविदास महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुष संत रविदास महाराज का जन्म माघ सुदी पुर्णिमा के दिन सवंत चौदाह सौ तेंतीस में काशी के सीर गोवर्धन गांव में रहने वाले एक चर्मकार के परिवार में हुआ था। जिन्होंने अपने जीवनकाल में भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में कई अमूल्य उपदेश दिए उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती है और उनकी जयंती के अवसर पर लोग उनके जीवन और उपदेश को याद करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री हिम्मताराम मेघवाल व रामलाल चरली व रणछोडाराम गुडा बालोतान व मोहन बोस हरजी व लेराराम सोलंकी व जेठाराम सिंघल व शेषाराम परिहार व सत्यप्रकाश सिंघल व खेताराम भायल व मिठालाल सिंघल व भोमाराम परिहार व नारायणलाल भैंसवाडा व जेठाराम भील राणा व हिम्मताराम परिहार व वेलाराम बुरतरा सहित क्षेत्र के कई धार्मिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एम.ओ.यू. के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने एम.ओ.यू. के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।*

# दो माह में ही 1.66 लाख करोड़ रू. के एमओयू धरातल पर उतरना शुरु

## मुख्यमंत्री स्तर पर राइज़िंग राजस्थान में हुए एमओयू की दूसरी मासिक समीक्षा बैठक हुई

जयपुर, 12 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार "राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट" के तहत हुए एमओयू को हर हाल में धरातल पर लागू करने के लिए कार्य कर रही है।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए एमओयू को धरातल पर उतारा जाए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 लाख 66 हजार करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू का क्रियान्वयन धरातल पर शुरू हो चुका है। एमओयू की समीक्षा के लिए त्रि-स्तरीय व्यवस्था की गई है। जिसके तहत 1 हजार करोड़ से अधिक राशि वाले एमओयू की समीक्षा प्रतिमाह नियमित रूप से मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित रखा जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसी दिशा में राज्य सरकार द्वारा इन्वैस्टर इंटरफेस के माध्यम से निवेशकों को एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी उपलब्ध करवायी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भू-आवंटन से संबंधित शेष एमओयू प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। उन्होंने भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की साप्ताहिक रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिये कि इन्वेस्टर इन्टरफेस के माध्यम से निवेशकों को उनके एमओयू के क्रियान्वयन पर हो रही प्रगति नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाये।**

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद भवानी सिंह देथा सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव उपस्थित थे।

## अयोध्या राम...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

निधन पर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे बताया जाता है कि, 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे।

## भाजपा ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुघ सहित पार्टी की प्रदेश इकाई के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में दिल्ली विधानसभा की 22 सीटों पर मिली हार के कारणों पर चर्चा हुयी।

## नरेश मीणा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

जयपुर, 12 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने देवली-उनियारा विधानसभा उप चुनाव के मतदान के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा और एसडीएम के बीच मारपीट के बाद समरावता में हुए उपद्रव के मामले में नरेश मीणा की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता महेश शर्मा और हर्षिता ने अदालत को बताया कि स्थानीय गांव वाले तहसील मुख्यालय बदलने के लिए कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे और उन्होंने मतदान का बहिष्कार भी किया था।

इस दौरान एसडीएम उनसे जबरन वोट डलवा रहे थे। इस कारण नरेश मीणा की एसडीएम से धक्का-मुक्की भी हुई, पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि पुलिस ने मामले में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास को लेकर आरोप पत्र पेश किया है। जबकि न तो उसके पास से कोई हथियार मिला और ना ही किसी को प्राण घातक चोट आई। इस घटना के बाद उसके खिलाफ राजनीतिक द्वेष से एक के बाद एक आधा दर्जन मामले दर्ज किए गए। याचिका में कहा गया कि घटना को लेकर नामजद लोगों को पूर्व में जमानत मिल चुकी है। इनमें से कई आरोपियों को तो अग्रिम जमानत का लाभ दिया जा चुका है।

# रिज़र्व बैंक को आशा है कि महंगाई...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ताकि इन उत्पादों को खेत से टेबल तक सही तरीके से पहुँचाया जा सके। ये भौतिक कारक उत्पादों की कीमतों पर असर डालेंगे।

हाल ही में, हमने यह भी देखा है कि सर्दी के महीनों में भी फल और सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं, जबकि पहले इन महीनों में इनकी कीमतें घट जाती थीं। रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय से कुछ आंकड़े उद्धत किए हैं, जिसमें जनवरी 2025 में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में महीने दर महीने सुधार दिखाया गया। हालांकि, इन सीमित आंकड़ों के आधार पर यह मानना कि खाद्य कीमतें स्थिर रहेंगी, शायद उचित नहीं होगा।

अन्य कीमतें अधिक जटिल हैं। कई वस्तुओं, जिसमें तेल की कीमतें भी शामिल हैं, की बुनियादी कीमतें अब वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में अधिक अस्थिर हैं। जनवरी में भारत में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल थी, पिछले दिसंबर की तुलना में यह लगभग 10 प्रतिशत बढ़ी है। यूक्रेन, गाज़ा, इज़रायल और मध्य पूर्व में स्थिति को देखते हुए, यह उम्मीद करना अवास्तविक हो सकता है कि तेल और ऊर्जा की कीमतें मध्यकाल (मीडियम टर्म) में स्थिर रहेंगी।

तथापि, हाल के महीनों में, कंज़्यूमर प्राइस इन्फ्लेशन डेटा के आंकड़ों के आधार पर, रिज़र्व बैंक मानता है कि कीमतों में अगले कुछ महीनों में नरमी का रुझान दिखेगा। आर.बी.आई. के बयान में कहा गया कि, "सामान्य मानसून की उम्मीद करते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई इन्फ्लेशन 4.2 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें प्रथम तिमाही में 4.5, दूसरी तिमाही में 4.0, तीसरी तिमाही में 3.8, और चौथी में 4.2 प्रतिशत का अनुमान है।"

विकास की संभावना के बारे में, रिज़र्व बैंक का कहना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में औद्योगिक क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत रहेगा। उसने यह भी बताया कि क्षमता उपयोग (कपैसिटी यूटिलाइज़ेशन) दर 75 प्रतिशत के करीब बनी हुई है, जबकि आमतौर पर यह 73 प्रतिशत रहती है। रिज़र्व बैंक के औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण में भी उज्जवल तस्वीर दिखाई गई है, जिसमें अगले कुछ महीनों में मांग की स्थितियों में सुधार की संभावना जताई गई है।

हाल ही में जो बात स्पष्ट रूप से गायब रही है, वह है निजी क्षेत्र के निवेश। सरकार की बार-बार अपीलों के बावजूद, निजी क्षेत्र के निवेश कम रहे हैं। निजी क्षेत्र तभी निवेश करेगा जब उसकी क्षमता उपयोग दर (कैपैसिटी युटिलाइज़ेशन रेट) उच्च होगी और नई क्षमता निर्माण में निवेश लाभकारी होगा। निजी कंपनियां सिर्फ अर्थव्यवस्था के विकास के लिए निवेश नहीं करतीं, सरकार अक्सर ऐसा कर सकती है। केवल मजबूत मांग के समर्थन से ही निजी क्षेत्र से नए निवेश की उम्मीद की जा सकती है।

उपभोक्ता खर्च के अलावा, जो घरेलू मांग को बढ़ाता है, बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए निवेश और अन्य पूंजीगत खर्च भी मांग को बढ़ाते हैं।

केंद्रीय बजट 2025-26 में, केंद्रीय सरकार के पूंजीगत खर्च को 10.1 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। " प्रभावी पूंजीगत खर्च (जिसमें राज्य सरकारों को पूंजीगत खर्च के लिए अनुदान भी शामिल है) वित्तीय वर्ष के दौरान 17.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।"

ये सभी समग्र विकास को बढ़ा सकते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू मांग के आधार पर बढ़ रही है, क्योंकि हमारे देश में निर्यात उस प्रकार की भूमिका नहीं निभाते जैसी पूर्वी एशियाई देशों या चीन में निभाई थी। ऐसा लगता है कि रिज़र्व बैंक और केंद्र सरकार दोनों ही ग्रोथ बढ़ाने के लिए घरेलू मांग बढ़ाने पर निर्भर कर रहे हैं।

उम्मीद की जा रही है कि, केंद्रीय बजट में दी गईं बड़ी कर रियायतों के साथ ब्याज दरों में कटौती, मांग को बढ़ावा देगी और अर्थव्यवस्था में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यदि ये रणनीतियाँ एक साथ काम करती हैं, तो समग्र विकास दर बढ़नी चाहिए।

## बंगलौर की मैट्रो का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सिद्धारमैया ने कहा कि "वर्ष 2017 से टिकट की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया था, इसलिए बेंगलुरु मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने केंद्रीय सरकार से किराया बढ्ढाने के लिए पत्र लिखा था। अगर किराया वृद्धि राज्य सरकार के नियंत्रण में होती, तो वे हमें पत्र लिखते, न कि केंद्र को।"

भाजपा नेता मैट्रो किराया वृद्धि पर झूठी खबरें फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं, उन्होंने कहा और यह भी कहा कि राज्य और केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें दोनों सरकारों के अधिकारी बोर्ड में शामिल हैं। लेकिन उन्होंने कहा, यह एक स्वतंत्र संस्था है। राज्य सरकार का इस पर पूरा नियंत्रण नहीं है। जैसे भारत में अन्य मैट्रो कॉर्पोरेशंस काम करती हैं, वैसे ही भी मैट्रो रेलवे (ऑपरेशन और मेंटेनेंस) एक्ट 2002 के तहत काम करता है।

कॉर्पोरेशन ने केंद्र को किराया बढ्ढाने की अनुमति देने के लिए पत्र लिखा था, इसके बाद एक मूल्य पुनरावलोकन समिति का गठन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता मद्रास हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर थारानी ने की थी, और यह समिति सितंबर 2024 में गठित की गई थी। इस समिति ने और दिल्ली और चेन्नई मेट्रो कॉर्पोरेशंस के अधिकारियों से बातचीत की और दिसंबर 2024 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जब बैंगलूरु मैट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 2017 से रेल किराए में फेरबदल नहीं किया है। उसके पास पहले चरण में 42.30 किमी का मेट्रो नेटवर्क था तथा 2026 तक, शहर में 175.55 किमी का मैट्रो नेटवर्क होने की उम्मीद है। मूल्य पुनरावलोकन समिति ने सभी पहलुओं की समीक्षा की और नए किराए को मंजूरी दी, मुख्यमंत्री ने कहा। सिद्धारमैया ने यह भी बताया कि दिल्ली को छोड़कर, पहले चरण में सभी मैट्रो किराए राज्य सरकार द्वारा तय किए गए थे और अब यह केंद्र द्वारा तय किए जा रहे हैं।

# 'केन्द्रीय सरकार ने रक्षा मंत्रालय के कायदे-कानून ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लॉबीइंग की थी ताकि वह क्षेत्र अडानी को सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा बनाने के लिए दिया जा सके।

ब्रिटिश अखबार के अनुसार, गुजरात सरकार ने अप्रैल 2023 में पी.एम.ओ. को पत्र लिखकर इस बारे में रक्षा मंत्रालय से बात करने की अपील की थी।

अखबार का दावा है कि, 21 अप्रैल 2023 को दिल्ली में एक बैठक हुई थी जिसमें डायरैक्टर जनरल ऑफ मिलिटरी ऑपरेशन्स, गुजरात के अधिकारियों व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों ने शिरकत की थी।

गार्जियन के अनुसार, सैन्य अधिकारियों ने सोलर पैनल लगाने से सीमा पर टैंकों के संचालन व निगरानी प्रणाली पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता जताई, तो उन्हें आश्वस्त किया गया कि सोलर पैनल दुश्मन के टैंक मूवमैंट के किसी भी खतरे को कम करने में सहायक होंगे। सोलर पैनल के आकार में बदलाव के अनुरोध को डैवलपर ने अस्वीकार कर दिया।

रिपोर्ट के अनुसार बैठक के अंत में रक्षा मंत्रालय ने पाक सीमा पर एक किलोमीटर के दायरे में सोलर पैनल और विंड टरबाइन लगाने के आपसी सहमति से किए गए निर्णय को स्वीकृति दे दी ताकि इस भूमि को नवीकरणीय ऊर्जा के लिए आर्थिक रुप से व्यवहार्य बनाया जा सके।

अखबार के अनुसार, मोदी सरकार ने मई 2023 को सभी मंत्रालयों को सूचित कर डिफैंस प्रोटोकॉल में ढिलाई की पुष्टि की और कहा यह दिशानिर्देश भारत-पाक सीमा पर ही नहीं बल्कि बांग्लादेश, चीन, म्यांमार और नेपाल से लगी सीमा पर भी लागू होंगे।

द गार्जियन ने यह भी कहा कि गुजरात सरकार ने पहले खावदा में 230 वर्ग किमी भूमि राज्य-चालित सौर ऊर्जा निगम को लीज़ पर दी थी। मई 2023 में निगम से यह भूमि गुजरात सरकार को लौटाने के लिए कहा गया था, जो उसने 17 जुलाई 2023 को लौटा दी। जुलाई की शुरुआत में अडानी समूह ने खावदा की भूमि में रुचि दिखाई थी।

नवम्बर में, एक अमेरिकी अभियोग ने अडानी और उनके अधिकारियों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी थी ताकि लाभकारी सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल किए जा सकें।

इन "भ्रष्ट" सौदों में अधिकांश कथित रुप से अक्षय ऊर्जा से संबंधित थे, जो अडानी के खावदा संयंत्र में उत्पन्न किए जाने थे और राज्य सरकारों को उच्च कीमतों पर बेचे जाने थे।

आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने अडानी के खावदा संयंत्र से 7 गीगा वॉट और ऊर्जा खरीदने के लिए सबसे बड़े सौदों में से एक पर पुनः विचार करना शुरु कर दिया है, जबकि फ्रांस की कम्पनी टोटल एनर्जी, जिसने परियोजना में हिस्सेदारी के लिए 444 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था, ने समूह में आगे कोई भी निवेश नहीं करने का निर्णय लिया है।

अडानी समूह ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वह सभी "संभव कानूनी उपाय" कर रहा है।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908